# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–01 अंक–04 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार, 20 नवंबर से 26 नवंबर 2023 पेज–08 मूल्य 5 रूपये




# तिगरीधाम में तैयारियों में आई तेजी, बसने लगा तंबुओं का शहर

**अमरोहा :** दीपावली के बाद तिगरी में तंबुओं का शहर बसने लगा है। तिगरीधाम में चहल पहल भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। स्थायी कोतवाली व फायर स्टेशन बनाने का काम भी शुरू हो गया है। राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं ने जगह घेरने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

दीपावली के बाद तिगरीधाम में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेले में जिला पंचायत ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। वाच टावरों का काम भी चल रहा है। वहीं लोनिवि द्वारा सड़क बनाने का काम भी चल रहा है। मेला कोतवाली में टिन फैंशिंगग का काम जारी है। कोतवाली निर्माण के लिए दिन भर मजदूरों ने टैंट लगाने का काम किया। कोतवाली परिसर में मजदूरों ने कार्यालयों के लिए टैंट लगाए हैं। अन्य कार्यालयों की बैरिकेडिंग भी शुरू कर दी गई है। वहीं मेला परिसर में बिजली की व्यवस्था भी की जा रही है।



वीआइपी मार्ग के अलावा सदर गेट मार्ग पर लाइट की व्यवस्था कर दी गई है। शौचालय बनाने का काम भी चल रहा है। एसडीएम राजीव राज ने बताया कि तैयारियां तेज कर दी गई हैं। तंबू लगने शुरू हो गए हैं। बताया कि मेला क्षेत्र में 1250 हैंडपंप लगेंगे जबकि दो हजार से अधिक शौचालय बनवाए जाएंगे।

मेला स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में खड़ी गन्ने की फसल को काटने के लिए राजस्व टीम ने कई बार संबंधित किसान को चेतावनी दी लेकिन इसके बाद भी फसल नहीं काटी गई। इस पर मंगलवार को जेसीबी से गन्ने की फसल को ढहा दिया गया।गजरौला।

तिगरी गंगा मेला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि इस बार मेला क्षेत्र को 14 सेक्टर में बांटा जाएगा। सेक्टर का क्षेत्रफल बीते साल के मुकाबले बढ़ाया जा रहा है। वाहनों की पार्किंग की जगह भी बढ़ाई जा रही है। गंगाघाट भी बनने शुरू हो गए हैं। स्थायी कोतवाली व फायर स्टेशन बनाने का काम भी शुरू हो गया है। राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं ने जगह घेरने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

## संक्षेप खबरें

### मोहम्मद शमी के गांव में बनेगा मिनी स्टेडियम

**अमरोहा :** अमरोहा लखनऊ क्रिकेट विश्वकप में शानदार गेंदबाजी करके टीम इंडिया को फाइनल में पहुंचाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को तोहफा मिला है। योगी सरकार उनके अमरोहा स्थित गांव साहसपुर अलीनगर में मिनी स्टेडियम बनाने जा रही है। अमरोहा जिला प्रशासन ने इसके लिए जमीन चिह्नित कर ली। डीएम राजेश त्यागी के मुताबिक यह मिनी स्टेडियम 1.092 हेक्टेअर में बनेगा। शासन को इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है।

यूपी में खेल प्रतिभाओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए योगी सरकार ने हर गांव में मिनी स्टेडियम बनाने की पहल की थी। मैदान में ओपेन जिम समेत अन्य व्यवस्थाएं भी दी जानी हैं, जिससे कि खिलाड़ी वहां अभ्यास कर सकें। वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज मोहम्मद शमी के गांव में इसी के तहत मिनी स्टेडियम बनाने का फैसला किया गया है। शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए




सेमीफाइनल मैच में सात विकेट चटकाकर भारत के फाइनल मैच में पहुंचने का रास्ता साफ किया था। इस शानदार प्रदर्शन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने तारीफ करते हुए उन्हें कहा था कि पीढ़ियां इस शानदार प्रदर्शन को याद रखेंगी। शमी के इस शानदार प्रदर्शन के बाद योगी सरकार ने भी उनके गांव में मिनी स्टेडियम और ओपेन जिम बनवाने का फैसला लिया है। शुक्रवार को अमरोहा के सीडीओ समेत अन्य अधिकारियों ने पैमाइश करके जमीन फाइनल कर दी।

# जिलाधिकारी ने कहा गौशालाओं में हरे चारे की हो व्यवस्था

**अमरोहा :** अमरोहा जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण के दृष्टिगत नवीन गौशालाओं का निर्माण कर विस्तार, गायों को हरे चारे, खली, चोकर, भूसा आदि की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदु पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सक डॉक्टर नरेंद्र सिंह पाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर शासन को पत्र भेजने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने फरीदपुर ईम्मा गौशाला में हरा चारा प्राप्त न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए की जो भी अब लापरवाही करेगा उसे किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ा जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गौशालाओं की अब थर्ड पार्टी द्वारा जांच कराई जाएगी जो भी कमी पाई गई उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एक-एक कर गौशालाओं के विस्तार के लिए बनाए जा रहे टीन शेड के बारे में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए की 15 दिसंबर, 2023 तक सभी टीनशेड पूरे हो जाएं और जनपद में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के गौ वंशीय पशुओं को उनमें सुरक्षित किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्य की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें और जल्द से जल्द




पशुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं हैं वहां पर उन्हें पूर्ण करें, उन्होंने कहा कि पूरे जनपद की जितनी भी गौशालाएं हैं सर्दी के मौसम में कहीं पर काउक्रोट की कमी न हो, सभी गोवंश पशु पर काउक्रोट अवश्य होना चाहिए उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि पशु कैचर से हिंसक सांडों को सबसे पहले पकड़ कर उन्हें गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक में जो भी आए वह पूर्ण जानकारी के साथ आए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक गौशाला मे 12 कुंतल हरा चारा दोनों समय में भूसे के साथ मिलकर खिलाना अनिवार्य होगा।

प्रत्येक गौशाला में हरे चारे खली चोकर की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए । जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी चारागाह की जमीन चिन्हित कर अधिक से अधिक पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था करें नेपियर घास की बुवाई कराई जाए । कहा कि पशुओं को भूसे के साथ हर हरा चारा अवश्य दिया जाए यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में कोई पशु बीमार है तो उसका इलाज समय से हो जाए कहीं पर भी बीमार पशु की शिकायत नहीं मिलना चाहिए ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सभी खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया

**संभलः** तहसील सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना।

जिसमें जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मौका मुआयना करने के पश्चात गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। जिससे कि उन शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।

समाधान दिवस में 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिएजिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत को गंभीरता से लें एवं



उसका निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक करें जिलाधिकारी ने संभल में विद्युत विभाग की एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत बिजली चोरी के मामलों के निस्तारण को लेकर लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजना बहुत ही अच्छी योजना है इसका जनमानस लाभ उठाएं। जिनके खिलाफ बिजली चोरी के मामले दर्ज है वह 30 नवंबर तक जुर्माने में 65% की छूट प्राप्त कर सकते हैं। कुछ धनराशि जमा करते हुए अपना रजिस्ट्रेशन करा लें जिससे उन्हें छूट प्राप्त हो सके। और बकाया धनराशि जमा करते हुए बिजली चोरी के मुकदमे से मुक्त हो सकें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, संभागीय वन विभाग अधिकारी अरविंद कुमार,उप जिलाधिकारी संभल सुनील कुमार त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरन्नुम रजा, सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### दोहरे हत्याकांड की साजिश रचने के आरोपियों के घर पोस्टर चस्पा

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गंगा पार गुलालपुर के जंगल में नौ अक्तूबर की रात अनिरुद्ध व रतनपाल भाटी की हत्या की साजिश रचने के तीन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के घर पर पोस्टर चस्पा किए। जल्द ही इनामी घोषित किया जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर के बोड़ाकी गांव निवासी रतनपाल भाटी व मेरठ के सीना निवासी अनिरुद्ध मावी गजरौला थाना क्षेत्र के गुलालपुर के जंगल में फार्म पर रहते थे। नौ अक्तूबर की रात दोनों की निर्दयता से हत्या की गई। फार्म पर रहने वाले नौकर जीतपाल को मरणासन्न हालत में छोड़ा था। पुलिस का आरोप है कि जांच पड़ताल में सामने आया कि हापुड़ जिले के नया गांव निवासी खानी, गजरौला थाना क्षेत्र के पपसरा खादर के हसमत व मुरादपुर के वीरेंद्र ने भी दोहरे हत्याकांड की साजिश रची। जेल गए नया गांव निवासी पूरन के साथ मिल कर रतनपाल भाटी व

**थाना क्षेत्र के गंगा पार गुलालपुर के जंगल में नौ अक्तूबर की रात अनिरुद्ध व रतनपाल भाटी की हत्या की साजिश रचने के तीन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के घर पर पोस्टर चस्पा किए। जल्द ही इनामी घोषित किया जाएगा।**

अनिरुद्ध को शराब पिलाई। तीनों का नाम सामने आने पर पुलिस ने गिरफ्तारी को कई बार दबिश दी, लेकिन हाथ नहीं लगे।

जिस पर रविवार को थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने इंस्पेक्टर क्राइम बालेंदु कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम भेजकर तीनों के घर पोस्टर चस्पा कराए। जल्द ही तीनों को इनामी घोषित किया जाएगा। सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है कि पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं।

# राशन डीलर टोनी यादव ने गरीबों के बीच किए कंबल वितरित



**अमरोहा :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव साथलपुर में बढ़ती ठंड को देखते हुए राशन डीलर ने रविवार को अपने गांव साथलपुर व खेलियां पट्टी के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने लाचार, गरीब और जरूरतमंद महिला और पुरुष बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। राशन डीलर टोनी यादव ने कहा कि आगे भी वैसे लोग जो ठंड से प्रभावित हो रहे हो और अपने से कंबल खरीद नहीं सकते उनके बीच कंबल वितरित के लिए तत्पर रहुंगा। कंबल वितरण के दौरान साथलपुर के राशन डीलर ने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना मेरी पहली प्राथमिकता है मानव सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मैंने यह संकल्प लिया है कि सभी गरीब असहायों परिवार को ठंड से ठिठुरने नहीं देगें। गांवों में घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच कंबल का वितरण करेंगे।

राशन डीलर द्वारा कंबल वितरण के कार्य को लोगों ने खूब सराहा। कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है। एक ओर जहां बढ़ती हुई ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है। हम प्रत्येक वर्ष ठंडी के समय गरीब असहाय परिवारो के बीच कंबल का वितरण करते हैं।

# रूचि लेकर कार्य करें अधिकारी किसी भी स्थिति में जनपद की रैकिंग खराब न हो : मुख्य विकास अधिकारी

**अमरोहा :** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यों की 37 बिन्दुओं पर योजनाओं के विकास कायो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों से एक एक कर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला चिकित्साधिकारी को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु सख्त निर्देश दिए कि कैम्प लगाकर छूटे हुये पात्र लाभार्थियों का अभियान चलाकर गोल्डन कार्ड बनवाये जाये यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी।

उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत स्कूलों में फर्नीचर, दिव्यांग बच्चों के लिए शौचालय तथा छात्र व छात्राओं के लिये अलग शौचालय का निर्माण आदि की विस्तृत जानकारी लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को समय




से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवालय व सामुदायिक शौचालय जो अभी तक पूर्ण नही हुये है उनको पूर्ण कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण जिस विभाग द्वारा किए गए हैं, उसकी जियो टैगिंग जल्द से जल्द पूर्ण हो जाए ताकि प्रदेश में उचित स्थान प्राप्त हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो निराश्रित पशु सड़को पर घूम रहे हैं उनको सम्बंधित गौशाला में संक्षरित करें । प्रत्येक पशु की टैगिंग किया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा आधार फीडिंग का कार्य करा दिया जाय जितनी भी रिक्त दुकाने हैं उनका प्रस्ताव तैयार कर आवंटन कराया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन भलीभांति हो कोई अपात्र को लाभ न मिले कोई भी एप्लिकेशन लंबित न रहे समय से पेंशन स्वीकृति हो जाये।

### शादी की जिद पर अड़ी युवती ने प्रेमी के घर में डाला डेरा

**अमरोहा :** प्रेमी की मंगनी होने के बाद प्रेमिका ने उसके घर पर जा धमकी। प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ गई। तीन दिन से प्रेमी के घर पर डेरा जमाए हुए है। प्रेमी घर से भाग निकला। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

यह मामला नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली युवती का घर के सामने रहने वाले युवक के साथ तीन साल प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों की प्रेम कहानी गांव के सभी लोग जानते हैं क्योंकि प्रेमी और प्रेमिका एक ही गांव के रहने वाले हैं, इसलिए शादी होना संभव नहीं है। दोनों के परिजन इसके खिलाफ हैं। करीब एक सप्ताह पहले युवक के परिजनों ने उसकी शादी दूसरे गांव युवती से तय कर दी। गोद भराई की रस्म भी पूरी कर ली गई है। जब इसकी जानकारी प्रेमिका को हुई तो उसने घर के ही सामने रहने वाले प्रेमी के घर डेरा जमा दिया। तीन दिन से प्रेमिका प्रेमी के घर रह रही है। परिजनों के

**मामला नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली युवती का घर के सामने रहने वाले युवक के साथ तीन साल प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों की प्रेम कहानी गांव के सभी लोग जानते हैं क्योंकि प्रेमी और प्रेमिका एक ही गांव के रहने वाले हैं, इसलिए शादी होना संभव नहीं है। दोनों के परिजन इसके खिलाफ हैं। करीब एक सप्ताह पहले युवक के परिजनों ने उसकी शादी दूसरे गांव युवती से तय कर दी।**

समझाने के बाद भी वह प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी हुई है। मौके की स्थिति को भांपते हुए प्रेमी गांव से भाग गया। युवती की प्रेम कहानी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि किसी भी पक्ष की ओर से मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

# योजनाओं के बारे में बालक एवं बालिकाओं को जागरूक किया

**अमरोहा :** अमरोहा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के आदेशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एंव मिशन शक्ति फेज 4.0 के अंतर्गत ए0एस0एम0 बाल मन्दिर इंटर कॉलेज अमरोहा में स्वावलंबन कैंप इसके साथ ही बालिका सुरक्षा शपथ का आयोजन किया गया।

आयोजित स्वावलंबन कैंप में महिला शक्ति केन्द्र, शबीह फात्मा, जिला समन्वयक अमरोहा द्वारा कहा गया कि लड़के ओर लड़कियां एक समान है, परन्तु व्यवहारिक रूप से लोग इसे अपने पर लागू नही करते है। बचपन से ही उनके साथ भेदभाव शुरू हो जाता है। बेटा- बेटी का फर्क मिटाने के बाद ही सही मायने में नारी सशक्तिकरण की अवधारणा चरितार्थ होगी। आज बेटियों हर क्षेत्र में बेटो से आगे है। बेटा की तरह बेटियों को भी



समान शिक्षा और समान अवसर दिया जाए, तो बेटियां सफलता का परचम लहरा सकती है। समाज को अपनी रूढ़िवादी सोच बदलनी होगी।

वन स्टॉप सेंटर, सेंटर मैनेजर ने आयोजित स्वावलंबन कैंप के माध्यम से विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं, एवं अन्य समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में बालक एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया साथ ही मिशन शक्ति के पंपलेट का वितरण कर प्रचार प्रसार किया गया,

**ए0एस0एम0 बाल मन्दिर इंटर कॉलेज अमरोहा में स्वावलंबन कैंप इसके साथ ही बालिका सुरक्षा शपथ का आयोजन किया गया।**

साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 तथा समस्त टोल फ्री नंबर 181, 112, 1076, 1090 आदि की भी जानकारी दी गई। इस अवसर ए0एस0एम0 बाल मन्दिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य, अध्यापिका, अध्यापक, ममता दुबे, वन स्टॉप सेंटर (सेंटर मैनेजर), शबीह फात्मा, जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे ।



# रंग दिखाने वाली है सर्दी, कई जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ा



मुरादाबाद : यूपी के विभिन्न शहरों में हवा का प्रदूषण चिंताजनक स्थिति में है। एनसीआर समेत वेस्ट यूपी के कई जिलों में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब से खतरनाक मानक तक पहुंच जा रहा है। ताजनगरी की हवा में कार्बन मोनो आक्साइड घुल गई है। शहर का हर दूसरा शख्स खांस रहा है। आंखों में जलन का सामना कर रहा है। प्रदूषण कम करने के सभी उपाय अभी तक फेल नजर आ रहे हैं। खराब ट्रैफिक संचालन हो या सड़कों पर वाहनों की बेतहाशा आवाजाही। गाड़ियों के इंजन से होने वाला उत्सर्जन लोगों के फेफड़े फुला रहा है। पूरे शहर का यही हाल है।

सभी प्रमुख छह इलाकों में कार्बन मोनो आक्साइड की मौजूदगी का स्तर मानकों से कहीं ज्यादा है। सबसे बुरा हाल संजय प्लेस का है। यहां कार्बन की अधिकतम मौजूदगी मानकों से 40 गुना अधिक रही है। दूसरे नंबर पर आवास विकास जैसा रिहायशी इलाका है। यहां भी इसकी मौजूदगी मानकों से 26 गुना अधिक रही है। तीसरे नंबर पर रोहता है। यहां भी 24 गुना अधिक मौजूदगी पाई गई है। यानि गैस हवा में घुल मिल गई है। यह सांसों के जरिए शरीर के अंदर जाकर जहर भर रही है। लोगों का बुरा हाल है।वहीं शहर में अब सर्दी रंग दिखाने वाली है। सोमवार से तापमान के गिरने की शुरूआत हो सकती है। दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे गलन बढ़ेगी, सुबह और शाम को बाहर निकलने में मुश्किलें पेश आएंगी।रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम होकर 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक होकर 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आर्द्रता का अधिकतम प्रतिशत 96 रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 20 नवंबर से निचले तापमान में भी गिरावट देखी जा सकती है। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों तापमान गिरते जाएंगे। हवाएं बेहद सर्द हो जाएंगी और लोगों को भारी गलन का सामना करना पड़ सकता है। 25 नवंबर से कोहरा भी छाने के आसार हैं।

## खनन रोकने गए लेखपाल को माफिया ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा

**शामली :** शामली में उपजिलाधिकारी कैराना के आदेश पर खनन रूकवाने के लिए पहुंचे हल्का लेखपाल को खनन माफिया ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा। साथ ही सरकारी अभिलेखों को फाड़ दिया और नकदी भी लूट ली। हल्का लेखपाल ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खेड़ाकुर्तान से पिछले कई दिनों से अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें की जा रही थीं। उपजिलाधिकारी कैराना स्वप्निल यादव ने हल्का लेखपाल पंकज कुमार को मौके पर जाकर खनन रूकवाने के आदेश दिए थे। रविवार को पंकज गांव खेड़ाकुर्तान निवासी याकूब पुत्र फैजा के खेतों पर पहुंचा।लेखपाल ने जेसीबी चालक को खनन का कार्य बंद करने के लिए कहा। जिस पर दोनों के बीच नोकझोंक हो गई। आरोप है कि इस बीच मोनू ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। मोनू के साथ शोएब, मोहित के साथ 02 अन्य लोगों ने लेखपाल को मौके पर दौड़ा लिया और डंडों से मारपीट की।

# कार और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**मुरादाबादः** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रविवार शाम पाकबड़ा थाना क्षेत्र में बाइक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार डिडौली के चौधरपुर निवासी युवक की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी शाकिर(20) पुत्र मुस्तफा रविवार शाम अपने दोस्त अजीम पुत्र कल्लू और नईम पुत्र कय्यूम के साथ डिडौली से नया मुरादाबाद के सुपरटेक अपार्टमेंट जा रहा था। शाम करीब छह बजे तीनों पाकबड़ा थाना क्षेत्र में गोधुली होटल मार्केट के सामने ब्रिज पर पहुंचे तभी बाइक और कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि तीनों युवक बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को दिल्ली रोड पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने शाकिर को मृत घोषित कर दिया। शेष दोनों घायलों का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। एसएचओ पाकबड़ा राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद से शाकिर के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

> उधर हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए वाहनों के पहिये थम गए और जाम की स्थित बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात शुचारूकराया कराया।

# घर के बाहर झाड़ू लगाने निकली लड़की किडनैप

**श्रावस्ती :** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में बदमाश बेखौफ हो गए हैं। थाना से 50 मीटर दूरी पर सुबह झाड़ू लगाने निकली लड़की का अपहरण हो गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। चौकी इंचार्ज गिरंट नदीम खान ने लड़की के पिता से उस लड़की की मोबाइल और फोटो लेकर मोबाइल का सर्विलांस पर लगाते हुए सीसीटीवी फुटेज को चेक करवाने में लगा दिया है।

हरदत नगर गिरंट थाना से 50 मीटर दूरी पर बलवान मिस्री की पुत्री सपना उर्फ रीता सोमवार सुबह पांच बजे घर के बाहर झाड़ू लगाने निकली थी। जिसका अपहरण हो गया। घर के बाहर सड़क पर चप्पल ,दुपट्टा,जूड़ा पड़ा मिला। सुबह 5 बजे हुई लड़की का अपरहण चप्पल और दुपट्टा, जुड़ा घर से बाहर सड़क पर पड़ा मिला। वरिष्ठ एस आई प्रभारी निरीक्षक थाना अध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि लड़की के परिजनों की तरफ से प्रार्थना पत्र मिला है अपहरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मोबाइल सर्विलांस पर लगाते हुए सीसीटीवी कैमरे चेक हो रहे हैं। लड़की बरामद कर लिया जाएगामोबाइल और फोटो लेकर मोबाइल का सर्विलांस पर लगाते हुए सीसीटीवी फुटेज को चेक करवाने में लगा दिया है।



# गोवंशीय पशु से टकराई बाइक, डायल 112 पर तैनात दरोगा की मौत

**संभल :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भकरौली के निकट शनिवार को बाइक सवार दरोगा की बाइक गोवंशीय पशु से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दरोगा को उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए। जहां उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई।

दरोगा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के गांव नानामऊनिवासी व हाल निवासी मिलाप सिंह (55) पुत्र रामचंद्र जनपद संभल के बहजोई में डायल 112 पर तैनात थे। शनिवार की शाम किसी सरकारी कार्य से दरोगा मिलाप सिंह निजी बाइक गुन्नौर गये थे। देर शाम गुन्नौर से लौट रहे थे। जैसे ही वह धनारी थाना क्षेत्र के गांव भकरौली के निकट पहुंचे तो आचनक से खेतों से गोवंशीय पशु सड़क पर आ गए और बाइक गोवंशीय पशु से टकराकर सड़क पर गिर गई। जिससे दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा देख राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल दरोगा को अपनी गाड़ी से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुन्नौर ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने अलीगढ़ रेफर कर दिया।

पुलिस स्टाफ घायल दरोगा को उपचार के लिए अलीगढ़ के मेडिकल कालेज ले गये और भर्ती करा दिया। देर रात उपचार के दौरान दरोगा मिलाप सिंह की मौत हो गई। दरोगा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के गांव नानामऊ निवासी व हाल निवासी मिलाप सिंह (55) पुत्र रामचंद्र जनपद संभल के बहजोई में डायल 112 पर तैनात थे।दरोगा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अलीगढ़ स्थित अस्पताल पहुंच गए। दरोगा की मौत से पत्नी व बच्चों को रो रोकर बुरा हाल है।

> दरोगा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के गांव नानामऊनिवासी व हाल निवासी मिलाप सिंह (55) पुत्र रामचंद्र जनपद संभल के बहजोई में डायल 112 पर तैनात थे।

# बहराइच में 5 लोगों को शिकार बनाने वाली मादा तेंदुए का होगा शूटआउट

**बहराइच :** बहराइच के नानपारा रेंज के शिवपुर ब्लॉक के अरनवा टिकुरी गांव में शुक्रवार की रात युवती को शिकार बनाने वाली मादा तेंदुए के खात्मे पर लगभग मुहर लग चुकी है। प्रशासन की अनुमति के बाद रिपोर्ट प्रधान वनसंरक्षक के पटल पर पहुंच गई है। लखनऊव पीलीभीत से शूटर व चिकित्सकीय टीम भी प्रभावित क्षेत्र में पहुंच चुकी है। घटना स्थल से तीन किलोमीटर के दायरे में मादा तेंदुए की तलाश को गन्ने के खेतों में थर्मल ड्रोन कैमरे उड़ाए जा रहे हैं। ताकि जल्द से जल्द तेंदुए पर निशाना साधकर आतंक का खात्मा किया जा सके।

बहराइच वन प्रभाग के शिवपुर ब्लॉक में छह अक्टूबर को मादा तेंदुए ने किशोरी को शिकार बनाया था। इसके बाद से ही लगातार उसके हमले हो रहे हैं। शुक्रवार की रात अरनवा टिकुरी गांव में शौच को खेत गई युवती को तेंदुए ने निवाला बना लिया था। इससे पहले 26 अक्टूबर को भी तेंदुए के हमले में महिला की मौत हो गई थी। अब तीन बच्चों समेत पांच लोगों को तेंदुआ निवाला बना चुका है। लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों में आक्रेश बढ़ रहा है तो तकनीक से लेकर तरकीब तक किए गए सारे प्रयास वन विभाग के अभी तक सफल नहीं हो पाए हैं। यहां तक की खेतों में लगातर ड्रोन लगाए गए हैं। अनगिनत पिंजड़े भी लगा दिए गए हैं, बावजूद पकड़ में आना तो दूर विशेषज्ञों तक को तेंदुआ नजर नहीं आ सकी है।शुक्रवार की घटना के बाद वन विभाग व प्रशासन की ओर से मादा तेंदुए के खात्में की औपचारिकताएं पूरी की गई हैं। रिपोर्ट प्रधान वन संरक्षक लखनऊको भेज दी गई है। रिपोर्ट पर अंतिम मुहर लगभग लग चुकी है। मादा तेंदुए को शूट आउट के लिए लखनऊचिड़िया घर से डॉ बृजेंद्र कुमार व पीलीभीत से डॉ दक्ष की टीम प्रभावित गांव अरनवा पहुंच चुकी है। इसके अलावा ट्रैकुलाइज टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है। तेंदुए की तलाश के लिए दुधवा व पीलीभीत से थर्मल ड्रोन कैमरे भी मंगाए गए हैं। ताकि नजर पड़ती ही तेंदुए को मारा जा सके। रेंजर दीपक सिंह ने बताया कि दो थर्मल ड्रोन कैमरे मंगाए गए हैं। यह कैमरा रात के अंधेरे में भी वन्यजीवों की साफ तस्वीर कैद करने में सक्षम होता है।



## संक्षेप खबरें

## गन्ना मूल्य घोषित करने को किसानों ने की आवाज बुलंद

**मुरादाबाद :** कांठ में भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा रविवार को पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित लागत अनुसार 450 रुपये किया जाए। गन्ना समिति कांठ में स्योहरा चीनी मिल द्वारा क्रय केंद्रों की पर्ची 22 कुंतल और बैबरी कांटों की बड़ी की जाए। नहर का पानी तत्काल सफाई कार्य पूर्ण कराकर पानी छोड़ा जाए। सरकार द्वारा बिजली पर ओटीएस और विद्युत चोरी प्रकरण वाला 35% जमा करना निजी नलकूपों का पूर्णतया बिल माफ कर सरकार ने एक सराहनीय काम किया है। इसी क्रम में बिजली विभाग किसानों का उत्पीड़न ना करें। अचानक सड़क पर बने डिवाइडर पर स्टीकर पट्टी लगवाई जाए ताकि कोई घटना ना हो। किसानो की पंचायत 20 नवम्बर को गन्ना समिति काठं में होगी जिसमें मुख्य समस्या जिसमें किसानो की पर्ची का बजन बढ़ाया जाए और कांटों पर बड़ी बेवड़ी लगवाई जाए। दीवान शुगर मिल की कृषि एक दिन की तौल तीन दिन में हो रही है, जिसमें किसानों का गन्ना खेत में और गेहूं बुआई प्रभावित हो रही है। गन्ना समितियां की समस्याओं को लेकर बाकी समस्याओं का निदान न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाया जा सकता है। गन्ना समिति पर भोजन रात्री विश्राम वहीं होगा। पंचायत में हरदीप सिंह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, ओमराज सिंह बिश्नोई, दर्शन सिंह ,रामकला सिंह ,सतबीर सिंह मान,प्रिंस चौधरी, रघु पाल सिंह ,महेश ठाकुर, धर्मपाल सैनी ,रणवीर सिंह, हैप्पी बिश्नोई आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अध्यक्षता ओमराज सिंह विश्नोई एवं संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह ने किया।

## ननिहाल में आयी मासूम की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत

**संभल :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी में रविवार की देर शाम ननिहाल में आये तीन वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने शव का पंचनामाभर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र कस्बा सिरसी के मोहल्ला चौधरियान निवासी इस्लाम नावसे अबुबकर रविवार को घर के बाहर खेल रहा था। तभी मोहल्ला निवासी आकिल ट्रैक्टर रोटावेटर लेकर आ रहा था। तभी अचानक से मासूम ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे मासूम की मौत हो गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि इस्लाम की बेटी पांच वर्ष पहले थाना मैनाठेर के महमूदपुर माफी में भूरा से की थी। भूरा के दो बेटे थे। जिसमें अबुबकर तीन दिन पहले ही ननिहाल आया था। मासूम की मौत की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मासूम की मौत से माता पिता व अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## गुरु नानकदेव के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई प्रभात फेरी

**संभल :** आजाद रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में कई दिन से शहर में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। शनिवार को शहर में निकली प्रभातफेरी गुरुद्वारे से शुरू होकर फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, पंजाबी कालोनी, शक्तिनगर, मालगोदाम रोड होती हुई गुरुद्वारे पहुंची। प्रभातफेरी में लोग भजन-कीर्तन करते चल रहे थे। इस दौरान बताया कि प्रभातफेरी के अलावा 24 नवंबर को शहर में नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन गुरुद्वारे में रागी जत्था द्वारा शबद-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। प्रभातफेरी में सरदार हरचरन सिंह, चरन सिंह, देवेंद्र सिंह छावड़ा, सरदार स्वर्ण सिंह, सरदार गुरुवख्श सिंह, हरसीत सिंह, अमृतपाल सिंह, भूपिंदर सिंह के अलावा काफी संख्या में सिख समाज के लोग मौजूद रहे।

## पहले मारी गोली, फिर फावड़ा मारकर काट दी गर्दन

**मैनपुरी :** यूपी के मैनपुरी जिले में एक रिटायर्ड फौजी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आठ साल से चली आ रही जमीन की रंजिश में हत्यारोपियों ने पहले फौजी को गोली मारी, इसके बाद फावड़े से ताबड़तोड़ प्रहार किए। जिससे फौजी ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही एसपी आलाधिकारियों के साथ पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद हत्याआरोपी फरार हो गए हैं।घटना अपराह्न 11:30 की है। घिरोर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला आशा निवासी 65 वर्षीय रिटायर्ड सैनिक रामसनेहीलाल पुत्र गोपीराम यादव अपने घर के बगल में स्थित खेत पर काम कर रहे थे। मृतक के पुत्र ने बताया कि तभी ग्रामवासी सत्येंद्र यादव, जगदीश यादव, नीरज यादव, सतीश और विजेंद्र यादव ने उन्हें घेर लिया। पहले उन्हें गोली मारी इसके बाद वहीं पर रखे फावड़े से उनके ऊपर कई बार किए। फावड़े से उनकी गर्दन कट गई। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही एसपी विनोद कुमार, एएसपी राजेश कुमार, सीओ कुरावली संजय वर्मा थाना प्रभारी भोलूराम भाटी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना स्थल पर जानकारी जुटाई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हत्या के बाद उपजे तनाव को देखते हुए एसपी ने गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

मैनपुरी एसपी विनोद कुमार का कहना है कि जमीनी विवाद और पुरानी रंजिश में फौजी की हत्या होने की बात सामने आई है। हत्यारोपिगों की तलाश में पुलिस की चार टीम में लगाई गई है। जल्द हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# अमेठी में दिसंबर में होगी अग्निवीरों की भर्ती रैली

**अमेठी :** यूपी में अमेठी जिले के डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में दिसंबर महीने में अग्निवीरों की भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में 13 जनपदों के नौ हजार से अधिक युवा हिस्सा लेंगे। भर्ती रैली के लिए प्रशासनिक स्तर से तैयारी शुरू कर दी गई है। सेना में अग्निवीर व्यवस्था लागू होने के बाद अमेठी में पहली बार भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस बार अंबेडकर स्टेडियम में रैली का आयोजन किया गया है। दिसंबर महीने में आयोजित होने वाली भर्ती रैली में लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को ही फिजिकल टेस्ट के लिए मौका मिलेगा।

अमेठी में होने वाली इस भर्ती रैली में अमेठी के साथ ही जनपद सुलतानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बस्ती, प्रयागराज, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रतापगढ़, रायबरेली, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर के अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती रैली का आयोजन 19 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर के मध्य किया जाएगा। स्टेडियम में रैली के आयोजन को लेकर खेल मंत्रालय से अनुमति की आवश्यकता थी। जिलाधिकारी द्वारा शासन को पत्राचार किया गया था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की पहल पर शासन द्वारा अनुमति मिल गई है। एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि स्टेडियम में भर्ती रैली के आयोजन के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल गया है। प्रयागराज आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, देंगे 3800 करोड़ की 429 परियोजनाओं की सौगात

अग्निवीर भर्ती के बारे में जानकारी देते हुए एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि स्टेडियम में भर्ती रैली के आयोजन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा गया है। भर्ती रैली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। किसी भी जनपद में होने वाली सेना भर्ती रैली में आने वाले युवाओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए समय से सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। अभ्यर्थियों के लिए भर्ती स्थलों में रहने-खाने, शेल्टर आदि के साथ ही बिजली, पानी, सफाई एवं शौचालय की उचित व्यवस्था की जाएगी।



# डाक विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा, हो गया फर्जी बैनामा, बन गए दुकान

**अयोध्या :** अयोध्या में बीकापुर उप डाकघर से सटी डाक विभाग की जमीन पर रसूखदार जमीन से जुड़े कारोबारियों ने अवैध तरीके से कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। जमीन का फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज कराकर लोगों को बैनामा भी कर दिया गया है। बैनामा बाकायदा रजिस्ट्री कार्यालय में हुआ और तहसील में दाखिल-खारिज भी होना बताया जा रहा है। जमीन क्रय करने वालों ने अपने घर और बड़े- बड़े प्रतिष्ठान भी बना लिए हैं। डाक विभाग की ओर से पड़ताल कराने पर जमीन डाक विभाग के नाम से अभिलेखों में दर्ज मिली। जिसे मुक्त कराने के लिए प्रवर अधीक्षक डाकघर एसके यादव ने कमिश्नर और डीएम को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

डाक विभाग के मंडलीय कार्यालय के प्रवर अधीक्षक डाकघर यादव की ओर से विभिन डाकघरों और उपडाकघरों की अचल संपत्तियों की पड़ताल कराई गई थी। जिसमें इस फर्जीवाड़े का मामले का खुलासा हुआ।

पता चला कि बीकापुर उपडाकघर से सटी लगभग 10 बीघा जमीन डाक डाक विभाग की है जो अभिलेखों में दर्ज है। इस जमीन पर अवैध तरीके से बैनामा करके निर्माण हो चुके हैं। प्रवर अधीक्षक डाकघर ने बताया कि बीकापुर उपडाकघर के पास जमीन होने की जानकारी पर तसीलदार को पत्र लिखकर पड़ताल कराई गई। तहसील बीकापुर की ओर से बताया गया कि खसरा के श्रेणी-नौ, बंदोबस्त सीएच-45 व सीएच-41 तथा अन्य अभिलेख खंगाले जाने पर गाटा संख्या- 123 व 124 राजस्व अभिलेखों में पोस्ट आफिस के नाम दर्ज है।



# गाजियाबाद जिले की बल्ले–बल्ले, मुरादनगर और डासना भी बनेंगे नगर निगम



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के खोड़ा और लोनी के बाद अब मुरादनगर और डासना नगर पंचायत को भी नगर निगम क्षेत्र में शामिल करने की तैयारी की जा रही है। दो सांसदों ने इन दोनों क्षेत्रों को भी नगर निगम सीमा में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी है। इससे यहां का विकास भी तेजी से होगा। साथ ही जल, सीवर और पथ प्रकाश की भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पिछले दिनों नमो ट्रेन के उद्घाटन से पहले इसका निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा और लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने दोनों क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल करने की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में जिला प्रशासन तैयारी कर रहा है।

दोनों नगर पालिकाओं को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव प्रशासन की ओर से तैयार किया जा चुका है। इन दोनों नगर पालिका के साथ कनावनी को भी नगर निगम में शामिल किया जाएगा। इसके लिए नक्शा तैयार किया जा रहा है। अब खोड़ा और लोनी के साथ इस सीमा विस्तार में नगर पालिका मुरादनगर और नगर पंचायत डासना को भी शामिल करने का प्रस्ताव आया है। राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने मुरादनगर क्षेत्र को तो केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद वीके सिंह ने डासना नगर पंचायत को नगर निगम की सीमा में शामिल करने बात कही है।नगर निगम गाजियाबाद ग्रेटर रखने की मांग : अब तक नगर निगम में 100 वार्ड हैं। खोड़ा और लोनी नगर पालिका को इसमें शामिल करने के बाद 150 वार्ड तक बनाने की योजना थी। लेकिन यदि मुरादनगर और डासना के क्षेत्र को इसमें शामिल किया गया तो यहां वार्डों की संख्या 200 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। ऐसे नगर निगम का क्षेत्र काफी बड़ा होगा। जिसे नगर निगम गाजियाबाद ग्रेटर का नाम दिया जा सकता है।

मुरादनगर नगर पालिका में 25 वार्ड हैं। इसके साथ ही डासना नगर पंचायत में 15 वार्ड हैं। विधायक और सांसद के चुनाव के दौरान इन दोनों क्षेत्रों की काफी अहमियत रहती है। शहर से सटे इन दोनों क्षेत्र के लोग गाजियाबाद शहर की तरह ही अपने क्षेत्र में विकास चाहते हैं। मुरादनगर और डासना में चेयरमैन चुने जाते हैं। ऐसे में इनके नगर निगम में शामिल होने के बाद यहां के लोग भी मेयर को चुनेंगे।

# एलजी ने केजरीवाल सरकार को दिया झटका, मुख्य सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप वाली रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली :** दिल्ली के उपराज्यपाल ने बामनोली लैंड अधिग्रहण मामले में दिल्ली सरकार की रिपोर्ट पर विचार करने से इनकार कर दिया है। याद दिला दें कि हाल ही में अरविंद केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी मर्लेना ने अपनी 600 से ज्यादा पन्नों की एक रिपोर्ट एलजी को भेजी थी।



इस रिपोर्ट में मुख्य सचिव पर जमीन अधिग्रहण के बदले भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया गया था। लेकिन अब एलजी ने इस रिपोर्ट पर विचार करने से ही इनकार कर दिया है। राज निवास के अधिकारियों ने रविवार को इस बात की जानकारी दी है कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की सतर्कता मंत्री आतिशी की उस रिपोर्ट पर विचार करने से इनकार कर दिया है जिसमें बमनोली जमीन अधिग्रहण मामले में प्रथम दृष्टया मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह रिपोर्ट बिल्कुल ही मंत्री की काल्पनिक धारणाओं पर आधारित है। उपराज्यपाल ने कहा कि यह रिपोर्ट मौजूदा जांच को सुविधा प्रदान करने की बजाए बहुत अच्छी तरह से मौजूदा जांच को नुकसान पहुंचा सकती है। जो फाइल उपराज्यपाल ने भेजी है उसमें कहा है, 'मुझे शिकायत से जुड़ी सतर्कता मंत्री की प्राथमिक रिपोर्ट जिसे सीएम केजरीवाल ने मेरे पास भेजा था वो मिली है।

# हेरिटेज सड़क के रूप में विकसित होगा गाजियाबाद का हापुड़ रोड, जानिए क्या है इसकी खासियत




गाजियाबाद।गाजियाबाद शहर के बीच से गुजरने वाले हापुड़ रोड को हेरिटेज सड़क के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। यह शहर की एक मात्र सड़क है, जिस पर सबसे ज्यादा कॉलोनियों के रास्तों आकर मिलते हैं।

जीटी रोड पर ठाकुरद्वारा मोड़ से हापुड़ रोड़ शुरू होती है। यह सड़क पुराना बस अड्डा और जिला मुख्यालय के सामने से होती हुई हापुड़ चुंगी तक पहुंचती है। यहां से यह सड़क डासना फ्लाईओवर पर समाप्त होती है। हापुड़ चुंगी से डासना फ्लाईओवर तक इस सड़क किनारे कई कॉलोनियों के कट हैं और कई प्रमुख गांव भी हैं। इन सभी कॉलोनियों और गांवों की निकासी इस रोड पर है। इस कारण हर 100 मीटर की दूरी पर दाईं और बाईं ओर सड़क पर कट बना है। शहर की यह एक मात्र ऐसी सड़क है, जिस पर इतनी कॉलोनियों व गांवों के रास्ते खुलते हैं।

उठऊसे सीधे दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर चढ़ सकेंगे वाहन, यहां बन रहा कनेक्टर; 5 राज्यों को होगा फायदा

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने इस सड़क को हेरिटेज सड़क के रूप में विकसित करने का फैसला लिया है। जिलाधिकारी ने उस सड़क को विकसित करने के लिए पीडब्ल्यूडी को जिम्मेदारी सौंपी है। पीडब्ल्यूडी इसकी डीपीआर तैयार करेगी। उसके बाद इसमें आने वाले खर्च को किस मद से लिया जाएगा, यह तय होगा।

ठाकुरद्वारा से डासना फ्लाईओवर तक यह सड़क करीब आठ किलोमीटर लंबी है। इस पर नवयुग मार्केट, चौपला बाजार, पुराना बस अड्डा, नया गाजियाबाद, आरडीसी, हापुड़ चुंगी, कविनगर, शास्त्रीनगर, महेंद्रा एंक्लेव, चिरंजीव विहार, अवंतिका, अवितंका एक्सटेंशन, इंदरगढ़ी, प्राणगढ़ी, आकाश नगर, कमला नेहरूनगर, पुलिस लाइन, रजापुर, रहीसपुर, हरसांव, सदरपुर गांव, मैनापुर, गोविंदपुराम, मधुबन बापूधाम के लिए सड़क जाती है।

# गाजियाबाद में जमकर गरजे बुलडोजर, गैंगेस्टर की 26 दुकानें जमीदोज




**गाजियाबाद :** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने पुलिस की मदद से शनिवार को लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में अवैध रूप से बनी 26 दुकानों पर बुलडोजर चलाया। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि दुकानों का निर्माण कथित भू–माफिया एवं गैंगस्टर मेहबूब अली ने अनुचित तरीकों से अर्जित धन से किया था। दुकानों की बाजार कीमत करीब 14 करोड़ रुपये आंकी गई है। गैंगस्टर ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निदोष लोगों की संपत्ति हड़प ली थी। अब उसकी सभी संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है।

शिप्रा सनसिटी पार्क की भूमि पर बने एक धार्मिक स्थल के तीन अवैध कमरों को जीडीए के बुल्डोजर ने तोड़ा। इस दौरान जीडीए ने के सहायक अभियंता संजय सिंह ने बताया कि स्थानीय पार्षद ने इसकी शिकायत की थी। इसके बाद पार्षद के साथ विभाग द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया। इस दौरान कमरे अवैध पाए गए। इस पर इसमें रहने वालों लोगों से इन्हे खाली करने के लिए शनिवार तक का नोटिस दिया था। जिसके बाद शनिवार को जीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को धवस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान एक महिला ने विरोध किया, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इंदिरापुरम में अवैध निर्माण के अलग–अलग मामलों में जीडीए ने चार मुकदमे दर्ज कराए कराए हैं। जीडीए के जेई सचिन अग्रवाल ने बताया कि नीति खंड एक में डॉ. जेपी जैन, शक्ति खंड तीन में दिव्या सांगवान, शक्ति खंड दो में रेखा भदौरिया और गुरुदत के भूखंडों पर निर्माण कार्य चल रहा था। नक्शा स्वीकृत न होने के कारण पूर्व में निर्माण को सील कर नोटिस भी दिया गया, लेकिन सील तोड़कर दोबारा कार्य कराया जाने लगा।

# सांपों वाले केस में राहुल के पास से मिले 60 मोबाइल नंबर



**नोएडा।** रेव पार्टियां आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार राहुल की निशानदेही पर, जो रजिस्टर बरामद हुआ था, उसमें 50 से 60 मोबाइल नंबर मिले हैं। संबंधित मोबाइल नंबर की सीडीआर निकाली जा रही है। ज्यादातर मोबाइल नंबर बंद हैं।

ये फोन नंबर बुकिंग के हैं। इन नंबरों से राहुल के पास फोन आए और पार्टी के लिए सांप और जहर (वेनम) लाने के लिए कहा गया। बीते दिनों फरीदाबाद स्थित गांव से, जो दो कोबरा बरामद हुए थे, उन्हें भी इन पार्टियों में ले जाया गया था। केस के खुलासे के बाद से पार्टियां लगातार रद्द हो रही हैं।राहुल से बरामद रजिस्टर के कुछ पेज में कोडिंग भाषा में कुछ लिखा गया है। इसे डिकोड करने की कोशिश की जा रही है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह के केस में कोड वर्ड का प्रयोग किया जाता है। इसमें कोड वर्ड के जरिए वेनम, सांप, नशे की वैरायटी के बारे में लिखा हो सकता है, जिसे राहुल ही जानता है। हालांकि, पूछताछ में उसने इस तरह की कोडिंग के बारे में जानने से इनकार किया। पुलिस का कहना है कि उनकी मंशा तीसरी बार आरोपियों को रिमांड पर लेने की नहीं है।

इसलिए केस में हो रही देरी : पुलिस के मुताबिक जो इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अभी तक राहुल समेत अन्य आरोपियों के पास से मिले हैं। उसकी रिपोर्ट आने में समय लग रहा है। रिपोर्ट आने में कुछ दिन और लगेंगे। जैसे ही सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की रिपोर्ट मिलेगी, जांच में तेजी आएगी।

# दिल्ली फिर शर्मसार, 5 बच्चों की मां को बंधक बना दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** उत्तर–पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक अधेड़ उम्र की 5 बच्चों की मां के साथ दरिंदगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने 50 साल की महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के बाद जमकर पिटाई भी की। इसके बाद आरोपी पीड़ित महिला को अर्द्धनग्न और अचेत अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने छानबीन के बाद शनिवार को मामला दर्ज कर आरोपी याकूब (58) को गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला परिवार के साथ जौहरीपुर, करावल नगर में रहती है। उसके पांच बच्चे हैं। वह घरों में खाना बनाने का काम करती है। 14 नवंबर की सुबह वह घर से काम पर निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। अगले दिन ज्योति नगर इलाके में स्थानीय लोगों ने पीड़िता को सड़क पर अर्द्धनग्न हालत में अचेत देखा।मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने महिला को पास के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद पीड़िता ने शुक्रवार को पुलिस को अपना बयान दिया। महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने इस संबंध में दुष्कर्म का मामला दर्ज कर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, एक अन्य मामले में दिल्ली के अशोक नगर थाना क्षेत्र के दल्लूपुरा गांव में एक 35 वर्षीय महिला ने छत से कूदकर जान दे दी। उनके परिवार में पति और दो बच्चे हैं। महिला नोएडा स्थित कपड़े की एक फैक्ट्री में काम करती थी। मृतक महिला की पहचान 35 वर्षीय संतोष के रूप में हुई है। पुलिस परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि संतोष का पति शराब पीकर उससे मारपीट करता था। आशंका है कि इससे परेशान होकर पीड़िता ने यह कदम उठाया। पुलिस ने महिला का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। साथ ही उसके पति सोनू वैद से भी पूछताछ की जा रही है। दोनों की शादी को 12 साल हो गए थे। सोनू काफी समय से बेरोजगार था।

# दिल्ली पुलिस हटाएगी ब्रिटिशकाल की 7000 राइफल



**नई दिल्ली।** दशकों तक दिल्ली पुलिस का हिस्सा रही ब्रिटिशकालीन .303 राइफलों को अब जल्द ही पुलिस बल से हटा दिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 'थ्री–नॉट–थ्री' राइफल के रूप में जानी जाने वाले कम से कम 7,000 ऐसे हथियारों को दिल्ली पुलिस बल से हटाने की तैयारी है। अधिकारी ने कहा कि इन हथियारों का इस्तेमाल वर्षों पहले ही बंद हो गया था और अब उन्हें नष्ट करने की तैयारी है। ये .303 राइफले दिल्ली पुलिस की आर्मरी यूनिट में रखी गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इन हथियारों को नष्ट करने की निगरानी के लिए एक जॉइंट कमिश्नर रैंक के अफसर को नियुक्त किया गया है। सूत्रों ने बताया कि पूरा ऑपरेशन गृह मंत्रालय द्वारा गठित कमेटी की निगरानी में किया जाएगा। .303 कैलिबर ली–एनफील्ड राइफल शुरू में ब्रिटेन के हथियार कारखाने में निर्मित की गई थी और प्रथम तथ द्वितीय विश्व युद्ध में इनका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था। भारत में इन राइफलों का इस्तेमाल 1962 में भारत–चीन युद्ध के दौरान भारतीय सेना द्वारा किया गया था और बाद में राज्य पुलिस बलों को सौंप दिया गया था।पुलिस उपायुक्त (प्रोविजनिंग एवं लॉजिस्टिक्स) विनीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि हथियारों को नष्ट करने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इन हथियारों में से प्रत्येक का वजन लगभग 5 किलोग्राम है। उन्होंने कहा कि इन हथियारों को नष्ट करने की प्रक्रिया लंबी है।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत हथियारों के प्रत्येक हिस्से को हटाना और नष्ट करना शामिल है।अधिकारी ने बताया कि हथियारों को नष्ट करने से पहले, बैरल और इसके अन्य हिस्सों को अलग कर दिया जाता है, ताकि इसका आगे इस्तेमाल न किया जा सके और उसके बाद इन हथियारों का लोहा पिघलाया जाता है। एक अधिकारी ने कहा, ₹पुलिस बल द्वारा इन राइफलों की सेवा समाप्त करने का निर्णय लेने के बाद से इन राइफलों के कारतूसों की खरीद बंद कर दी गई थी, इसलिए इन राइफलों के लिए कोई कारतूस नहीं बचे हैं।

# ट्रेड फेयर में आम लोगों की एंट्री, कहां टिकट और पार्किंग–किन रास्तों से प्रवेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 42वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेल–2023 में रविवार से आम लोगों को प्रवेश मिलेगा। वीकेंड होने के चलते पहले दिन संभावना जताई जा रही है कि एक लाख से अधिक लोग मेला देखने आ सकते हैं।

> मेले में आपके पास देश–दुनिया की कला संस्कृति के रंग देखने का सुनहरा मौका है। बच्चों के खिलौने से लेकर गरम कपड़े यहां जाएंगे। विकास मंत्रालय की तरफ से सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है,

इसी हिसाब से इंतजाम भी किए गए हैं। हर गेट पर चार से छह चेकिंग काउंटर बनाए गए हैं। साथ ही बेसमेंट में भी अलग से चेकिंग काउंटर बनाया गया है। निजी वाहन से आ रहे लोगों को बेसमेंट में ही चेकिंग के बाद प्रगति मैदान में प्रवेश मिलेगा।भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अधिकारियों का कहना है कि इस बार भीड़ ज्यादा आने के दो प्रमुख कारण हैं। इस बार व्यापार मेला 1.20 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश–दुनिया के सभी प्रमुख ब्रांड से लेकर राज्यों की हस्तशिल्प और कला से जुड़े उत्पादों की भरमार है। दूसरे लोग प्रगति मैदान के भव्य स्वरूप को भी देखना चाहते हैं, क्योंकि जी–20 शिखर सम्मेलन को लेकर की गई तैयारियों के कारण प्रगति मैदान के अंदर का नजारा बदल गया है।

देश–दुनिया की कला संस्कृति के रंग दिखेंगे : मेले में आपके पास देश–दुनिया की कला संस्कृति के रंग देखने का सुनहरा मौका है। बच्चों के खिलौने से लेकर गरम कपड़े यहां जाएंगे। हॉल नंबर–1 में ग्रामीण विकास मंत्रालय की तरफ से सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए हैं डीक्रॉफ्ट उत्पादों के साथ ही आचार, मुरब्बे, और मसाले बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही मनोरंजन के लिए भी मेले में काफी इंतजाम किए गए हैं।

## संक्षेप खबरें

# दिल्ली में चलेंगी तेज हवाए



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण कुछ कम हुआ है। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी से सुधर कर अब खराब श्रेणी में आ गई है। इस बीच मौसम विज्ञानियों ने भी दिल्ली वालों के लिए एक खुशखबरी दी है। स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में दो दिन बाद यानी 21 नवंबर से तेज हवाएं चलेंगी, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार आने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं पहाड़ों पर एक हल्का विक्षोभ भी दस्तक दे सकता है जिससे उंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश देखी जा सकती है। इससे उत्तर पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ेगी।

स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 21 नवंबर से हवाओं की गति बढ़ेगी। दिल्ली में हवा उत्तर–पश्चिम दिशा से चलेगी जिससे दिल्ली वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

# तानाशाही के खिलाफ जंग जारी रहेगी', तिहाड़ जेल से अमृतसर कोर्ट पहुंचे सांसद संजय सिंह

**नई दिल्ली :** पंजाब के शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया पर ड्रग्स तस्करी को लेकर की गई टिप्पणी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई में शनिवार सांसद संजय सिंह अमृतसर पहुंचे। संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच तिहाड़ जेल से अमृतसर कोर्ट लाया गया है। जहां वे नई दिल्ली शराब घोटाले मामले में गिरफ्तारी के बाद से बंद हैं।



उन्हें जम्मू तवी ट्रेन से यहां लाया गया है। पत्रकारों से बात करते हुए संजय सिंह ने कहा, 'मोदी की तानाशाही के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। मैं किसी जेल या फर्जी मुकदमे से नहीं डरता। मुझे कोर्ट से न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है। अगली सुनवाई 16 दिसंबर को है। न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।' इस दौरान उनकी पत्नी अनीता सिंह भी अदालत पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री विक्रम सिंह मजीठिया भी अदालत में पेश पहुंचे। यह मामला अंतिम चरण में पहुंच चुका है जहां दोनों तरफ से गवाहियां की जा रही है।

# लखीमपुर मोदीनगर में141 एकड़ भूमि पर इंड्रस्ट्रियल हब बनाने की तैयारी

**गाजियाबाद।** एनसीआर में जल्द ही रोजगार और रफ्तार पकड़ेगा। गाजियाबाद के मोदीनगर के निवाड़ी में करीब 141 एकड़ भूमि पर औद्योगिक हब बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन ने शासन से ग्राम समाज और एमएलसी की मिश्रित भूमि का अधिग्रहण करने की अनुमति मांगी है ताकि यहां उद्योग लगने से रोजगार के साधन बढ़ सकें।

मोदीनगर के ग्राम निवाड़ी में ग्राम समाज और एमएलसी की करीब 141 एकड़ जमीन मौजूद है। यहां उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) औद्योगिक हब विकसित करेगा। इस वर्ष फरवरी में हुई यूपी इन्वेस्टर्स समिट में भी इस प्रस्ताव को शामिल किया गया था। अब जिलाधिकारी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास के प्रमुख सचिव को यह जमीन यूपी सीडा को निशुल्क उपलब्ध कराने का पत्र लिखा है, ताकि इस क्षेत्र की चिह्निति जमीन को औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा सके।

अगर शासन से अनुमति मिल जाती है तो इस क्षेत्र की जमीन को मंडलायुक्त और जिलाधिकारी द्वारा पुनर्ग्रहण कराया जाएगा। फिर इसे यूपी सीडा औद्योगिक हब के रूप में विकसित करेगा। यहां उद्यमियों के लिए विभिन्न साइट के औद्योगिक प्लॉट काटे जाएंगे, जिससे यहां औद्योगिक इकाइयां लग सकेंगी। अधिकारी बताते हैं कि अगर शासन से जल्द अनुमति मिल जाती है तो अगले साल तक इस क्षेत्र में औद्योगिक हब विकसित हो सकेगा।

हर साइज के होंगे भूखंड : अधिकारी बताते हैं कि इस औद्योगिक हब में विभिन्न साइज के प्लॉट होंगे। इसमें 200 मीटर, 300 मीटर, 400 मीटर, 500 मीटर, 800 मीटर, एक हजार मीटर तक के औद्योगिक प्लॉट हो सकते हैं।मोदीनगर के निवाड़ी और भोजपुर में औद्योगिक हब से काफी ज्यादा निवेश आएगा, जिससे रोजगार के साधन बढ़ेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि औद्योगिक हब बनकर निवेश होने से पांच साल के भीतर एक लाख से अधिक नौकरियों के अवसर युवाओं को मिलेंगे।



आवश्यकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुॅचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –9456884327

# उत्तरकाशी टनल में फंसे 41 लोगों के लिए महिलाएं बनी लाइफलाइन






**उत्तरकाशी,** उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे 41 लोगों को आठ दिन बाद भी सुरंग के अंदर से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर नहीं निकाला जा सका है। सिल्कयारा सुरंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए टनल के अंदर सुराख का काम जारी है। इसी के के बीच सीमा सड़क संगठन-(इफ्ह) जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स-ग्रेफ (ग्फ्ए) की महिला श्रमिक रेस्क्यू ऑपरेशन में अहम भूमिका निभा रहीं हैं।

सुबह से ही ट्रैक बनाने से लेकर अन्य निर्माण कार्यों में अहम भूमिका निभा रहीं हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बीआरओ की महिला श्रमिकों ने सिल्कयारा सुरंग के ऊपर एक मिशन में पहाड़ी की चोटी तक जाने के लिए 1.5 किमी लंबे ट्रैक का निर्माण किया। जीआरईएफ की महिला श्रमिकों का एक समूह, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं, अपने कंधों और हाथों पर फावड़े और निर्माण उपकरण से लैस होकर, शाम तक अपने मिशन को पूरा करने के लिए सटीकता के साथ काम किया। इस साइट पर जाने का आदेश मिलने के बाद मैंने अपना दिन सुबह 3 बजे शुरू किया। जब तक हम अपना काम पूरा नहीं कर लेंगे, हम वापस नहीं जाएंगे।' पिछले एक दशक से जीआरईएफ सदस्य, 39 वर्षीय उत्तरा देवी ने कहा कि हम यहां फंसे सभी 41 लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने 2013 में अपने पति प्यारे लाल को खो दिया था।हिमाचल की एक अन्य जीआरईएफ महिला और विधवा 35 वर्षीय सुमन देवी ने कहा, ?हमें किसी भी परिस्थिति में सभी बाधाओं पर विजय पाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जब तक हम यहां अपना काम पूरा नहीं कर लेते तब तक हार नहीं मानेंगे।'' सुमन, जिन्होंने पिछले साल अपने पति अरविंद कुमार को कार्डियक अरेस्ट से खो दिया था कहतीं हैं कि मुझे खुशी होगी अगर मैं इन कई जिंदगियों को बचाने में योगदान दे सकूं।काम फिर से शुरू करना मेरे लिए तय नहीं था, लेकिन अगर ये सभी लोग सुरक्षित बाहर आ जाएं तो यह सार्थक होगा। उत्तराखंड में विभिन्न बीआरओ साइटों से ट्रकों में आ रही उत्तरा और तीन अन्य महिलाओं को मिशन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन जैसे ही उन्हें अपने मिशन के बारे में बताया गया, यह उनके लिए प्राथमिकता से तैयार हो गईं। पूजा कुमारी (28) कहतीं हैं कि हम भूखे हैं और जब तक साइट पर खाना बनेगा, तब तक देर हो चुकी होगी। हम यहां जल्दी से कुछ खाने और काम फिर से शुरू करने के लिए आए हैं।' छत्तीसगढ़ की 20 साल की उम्र के दो बच्चों की मां 43 वर्षीय गीता देवी का कहना है कि जीआरईएफ में 15 साल से अधिक समय से काम कर रहीं हैं। पहाड़ों पर चढ़ना और सड़कें बनाना मुश्किल नहीं है; हम मिशन मोड में काम करते हैं और यही कुंजी है। हमने 1.5 किमी से अधिक लंबी सड़क बनाई है, और अब केवल मशीन को लाने की जरूरत है।

# गवर्नर के बिल रोकने पर केंद्र को भी सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली :** गैरभाजपा शासित राज्यों की सरकारों ने राज्यपालों के रवैये के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि राज्यपाल आग में हाथ ना डालें और बिल ना अटकाएं। अब केरल सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटि जारी करके जवाब मांगा है। केरल सरकार ने कहा था कि राज्यपाल के पास सात महने से लेकर दो साल तक से आठ विधेयक लंबित हैं जिन्हें वह मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

शुक्रवार को यह मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पारदीवाला, मनोज मिश्रा की बेंच के सामने रखा गया। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद विधानसभा द्वारा पारित बिलों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं। इससे जनता के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। केरल सरकार का कहना है कि लंबित बिलों में कई जनता के हितों से सीधा जुड़े हुए हैं। संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उन्हें राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। केरल सरकार की अर्जी में कहा गया है, कुछ बिल दो साल से भी ज्यादा वक्त से राज्यपाल के पास लंबित हैं। राज्यपाल संविधान के मूल सिद्धांत को चुनौती दे रहे हैं। उन्हें एक अच्छी और जनहित की सरकार के काम में सहयोग करना चाहिए लेकिन उनकी वजह से जनहित कामों में बाधा आ रही है। सरकार का कहना है कि लंबे समय से विधेयकों के लंबित होने की वजह से लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

# विशाखापट्टनम पोर्ट पर लगी भीषण आग, जलकर खाक हो गईं 40 नावें



**विशाखापट्टनम :** विशाखापट्टनम पोर्ट पर बीती रात भीषण आग लग गई जिसमें कम से कम 40 नावें जलकर खाक हो गई। आग के कारणों का अभी पता नहीं चला है। अनुमान है कि आग में 30 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। वहीं किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मछुआरों का कहना है कि यह आपराधिक कृत्य है और बदले की भावना से आग जानबूझकर लगाई गई है। यह भी कहा जा रहा है कि एक बोट पर चल रही पार्टी की वजह से आग लग गई।

आग लगने की घटना का दिल दहलाने वाला वीडियो सामने आया है। पानी में खड़ी नौकाएं भी धूं-धूं कर जलने लगे। वहीं इन्हीं नावों से अपनी जीविका चलाने वाले मछुआरे लाचार खड़े रह गए। आग इतनी भीषण थी कि तमाम प्रयासों के बावजूद नावों को नहीं बचाया जा सका। नावों के फ्यूल टैंक पर आग पहुंचने के बाद यह और भी भीषण हो गई और विस्फोट होने लगे। सीनियर पुलिस अधिकारी आनंद रेड्डी ने कहा कि रात करीब साढ़े 11 बजे आग लगी। बोट पर मौजूद सिलिंडरों में विस्फोट हो रहा है इसलिए लोगों को दूर ही रहने की चेतावनी दी गई। अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि आग लगने की वजह क्या थी।

# हैदराबाद के कारोबारी ने एक झटके में गंवाए 1.5 करोड़ रुपए




**हैदराबाद :** हैदराबाद के एक कारोबारी ने क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के चलते एक झटके में करीब डेढ़ करोड़ रुपए गंवा दिए। इस मामले में उसने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि उसने दुबई के एक व्यक्ति से करोड़ों रुपए मूल्य के बिट कॉइन खरीदे थे। पेमेंट के बाद उसे कंफर्मेशन भी मिल गया था लेकिन, कुछ दी देर में उसके खाते से वो रकम भी निकाल दी गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पिछले कुछ सालों में क्रिप्टो करेंसी में निवेश को लेकर भारत में भी लोगों ने खासी दिलचस्पी दिखाई है। लोग इस निवेश के जरिए लाखों रुपए भी कमा रहे हैं। हालांकि ज्यादातर मामलों में लोगों को फ्रॉड का भी शिकार होना पड़ा है। ऐसा ही एक मामला हैदराबाद का है। यहां एक कारोबारी ने बिट कॉइन खरीदने के फेर में डेढ़ करोड़ रुपए गंवा दिए। शहर के एक व्यवसायी को क्रिप्टो एक्सचेंज में 1.49 करोड़ का नुकसान हुआ है। उसने मामले में साइबर सेल के पास शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में आईपीसी और आईटी अधिनियम की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ति कारोबारी कम समय में ज्यादा से ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में फ्रॉड का शिकार हुआ। उसने अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में बिटकॉइन खरीदे थे। कारोबारी ने दुबई स्थित एक व्यक्ति से 1.49 करोड़ मूल्य के 4.98 बिटकॉइन खरीदे थे। पेमेंट करने के लिए उसे इसका कन्फर्मेशन भी मिल गया था। कारोबारी ने जैसे-तैसे पैसे का इंतजाम किया और अपने दोस्त की मदद से यूएई दिरहम में रकम का भुगतान किया।लेनदेन के बाद, उसे पता चला कि बिटकॉइन उनके ब्लॉकचेन वॉलेट में ट्रांसफर हो गए हैं। हालांकि, एक घंटे बाद जब उसने दोबारा अपना वॉलेट चेक किया तो पता लगा कि उसके वॉलेट की राशि किसी ने साफ कर दी है। इस घटना से वह हक्का-बक्का रह गया।

# युद्ध के बीच यूक्रेन से निकाले गए थे 1000 भारतीय छात्र



**नई दिल्ली :** यूक्रेन में रूस का हमला दो साल पहले शुरू हुआ था। 2021 में शुरू हुआ यह कत्लेआम अभी भी जारी है। रूसी सैनिक पीछे हटने को तैयार नहीं है। यूक्रेन रूसी सैनिकों को उसी की भाषा में तगड़ा जवाब दे रहा है लेकिन, महायुद्ध ने उसके कई शहरों को बर्बाद कर दिया है। लाखों यूक्रेनी अपना मुल्क छोड़कर अन्य देशों में शरण लिए हुए हैं। युद्ध की इस विभिषिका का दंश हजारों भारतीय छात्रों ने भी झेला है। दो साल पहले यूक्रेन से निकाले गए भारतीय मेडिकल स्टूडेंट्स को अब जाकर अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करनी पड़ी है। उज्बेकिस्तान के एक जाने-माने विश्वविद्यालय में इन 1000 छात्रों ने अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर दी है।

2021 में युद्ध प्रभावित देश यूक्रेन से निकाले गए, सैकड़ों भारतीय एमबीबीएस छात्रों ने उस वक्त सोचा था कि अब उनकी शैक्षणिक यात्रा लगभग खत्म हो चुकी है। लेकिन अब उन्होंने पढ़ाई फिर से शुरू कर दी है। इन छात्रों ने उज्बेकिस्तान के एक अग्रणी मेडिकल यूनिवर्सिटी में अपनी पढ़ाई शुरू कर दी है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास के प्रयासों के बाद उज्बेकिस्तान में समरकंद स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी ने यूक्रेन में पढ़ रहे 1000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को अपने यहां एडमिशन दे दिया है। इन्हीं छात्रों में एक बिहार के बेगुसराय के अमित भी हैं। ये रूसी हमले की उस रात का जिक्रकरते हुए सिहर जाते हैं कि यूक्रेन में वो रात उन्हें एक तहखाने में बितानी पड़ी थी क्योंकि रूसी मिसाइलें हर ओर से घरों, इमारतों और सबकुछ नष्ट कर रही थी।

## संक्षेप खबरें

### करंट लगने से मां और बेटी की दर्दनाक मौत, 5 अधिकारी सस्पेंड



**बेंगलुरु :** बेंगलुरु में सवेरे-सवेरे मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला और उनकी नौ महीने की बेटी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। रास्ते से गुजरते वक्त महिला का बेलेंस बिगड़ा। इस बीच वो फुटपाथ पर गिरी बिजली के तार के चपेट में आ गईं। कुछ ही पलों में दोनों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। मामले में कर्नाटक सरकार ने पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने के साथ दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, महिला और उसकी नौ महीने की बच्ची की मौत के बाद बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बेसकॉम) ने लापरवाही के लिए अपने पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और दो वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।घटना रविवार को हुई, जब 23 वर्षीय सौंदर्या और उनकी नौ महीने की बेटी लीला होप फार्म सिग्नल पर बेलेंस बिगड़ने के बाद फुटपाथ पर गिर गए। इस दौरान वे सड़क पर गिरे 11 केवी के तार के संपर्क में आ गए और उनकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना सुबह करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है। कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने इसमें शामिल अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया।

### फ्लैट में जहां-तहां पड़े शव और बाहर आती बदबू, एक शक से कैसे खत्म हुआ पूरा परिवार



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की सोसायटी में लोग उस वक्त हैरान रह गए, जब एक फ्लैट में परिवार के सभी सदस्य मृत मिले। कई दिनों से लोगों को फ्लैट से बदबू आ रही थी।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई तो उसने दरवाजा तोड़ा। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों के शव जहां-तहां पड़े मिले और उनसे बदबू उठने लगी थी। पुलिस का कहना है कि शायद 52 वर्षीय बृंदाबन कर्मकार ने पत्नी और बच्चों को जहर देकर मार दिया था। इसके बाद खुद भी फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने पुलिस से शिकायत की थी कि खरदाह स्थित फ्लैट से बदबू आ रही थी।इस शिकायत पर पुलिस पहुंची तो उसने दरवाजा तोड़ा और मौके पर 4 शव पाए गए। बृंदाबन कर्मकार का शव पंखे से लटटका हुआ था। इसके अलावा उनकी पत्नी देबाश्री का शव भी उसी कमरे में मिला। 17 साल की बेटी देबालीना और 8 साल के बेटे उत्साह के शव भी फ्लैट में ही अलग-अलग जगह पर पाए गए। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसने पूरे मामले को खोल कर रख दिया। दरअसल यह चिट्ठी बृंदाबन कर्मकार की ही लिखी बताई जा रही है।

### तंत्र-मंत्र की किताब चोरी को लेकर हुई लड़ाई, एक महीने के बच्चे की मौत

**अगरतला।** गांव में मध्यस्थता के लिए बैठक बुलाई गई थी। सुनवाई चल रही थी कि हाथापाई की नौबत आ गई। इस दौरान एक महीने के बच्चे को चोट लग गई।

चोट लगने के करीब 24 घंटे के बाद उसकी मौत हो गई। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि बैठक बच्चे के पिता के लिए बुलाई गई थी। उनके खिलाफ त्रिपुरा के दक्षिण जिले के एक गांव में तंत्र-मंत्र की किताब चुराने का आरोप था।मंगलवार को बच्चे की मौत हो गई। 24 घंटे के भीतर बच्चे की मां रीना अख्तर ने फारुक इस्लाम, जमाल मिया, सुल्तान होसेन, रोसाना बेगम और सुप्रिया बेगम के खिलाफ शांतिरबाजार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बच्चे की हत्या का आरोप लगाया। गैर इरादतन हत्या और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया।

# गंगोत्री-यमुनोत्री, बदरीनाथ नहीं, केदानाथ धाम में पहुंचे सबसे ज्यादा तीर्थ यात्री






**देहरादून,** गंगोत्री-यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चार धाम यात्रा का भी समापन हो गया है। कपाट बंद होने के बाद अब तीर्थ यात्री अब चारों धामों के शीतकालीन प्रवास में भगवान के दर्शन कर पाएंगे। इस साल 2023 में चार धाम में रिकार्ड 54 लाख तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए। जबकि पिछले साथ चारों धामों के दर्शन करने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या 45 लाख के करीब थी।

शनिवार को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही शीतकाल के लिए चारधाम यात्रा बंद हो गई है। इससे पहले केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद हुए थे, जबकि गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर को तीर्थ यात्रियों के लिए बंद कर दिए गए थे।

कमिश्नर कार्यालय के चारधाम कंट्रोल रूम के आंकड़ों के अनुसार इस साल चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की कुल संख्या 54 लाख के करीब थी। इसमें सबसे अधिक 1961025 लाख से अधिक तीर्थ यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। बदरीनाथ धाम के दर्शनों के लिए 1835132 लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे। गंगोत्री में 905174 जबकि यमुनोत्री में 735244 तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस साल पिछले साल की तुलना मेंचारधाम में तकरीबन नौ लाख तीर्थ यात्री अधिक पहुंचे।शीतकाल में पूजा पांडुकेश्वर में होगी बदरीनाथ।

**अब भगवान बदरी विशाल की पूजा मानवों द्वारा योग-ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर में और कुबेर जी की पूजा दर्शन कुबेर मंदिर पांडुकेश्वर में होगी। बदरीनाथ के वेद पाठी रवीन्द्र भट्ट, जगबीर मेहता, अजीत मेहता ने बताया कि शीतकाल के लिए भगवान बदरी विशाल के कपाट बंद होने पर भगवान बदरी विशाल के रूप में उद्धव जी की डोली पांडुकेश्वर लायी जाती है।केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के शीतकाल में यहां दर्शन भगवान केदारानाथ और यमुनोत्री मंदिर के कपाट 15 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ के लिए रवाना हो गई थी। अब शीतकाल में यही पर भगवान केदारनाथ के दर्शन होंगे।**

शीतकाल के लिए भगवान बदरी विशाल के कपाट शनिवार को पूजा-अर्चना और विधि विधान के साथ बंद हो गये हैं। अब भगवान बदरी विशाल की पूजा मानवों द्वारा योग-ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर में और कुबेर जी की पूजा दर्शन कुबेर मंदिर पांडुकेश्वर में होगी। बदरीनाथ के वेद पाठी रवीन्द्र भट्ट, जगबीर मेहता, अजीत मेहता ने बताया कि शीतकाल के लिए भगवान बदरी विशाल के कपाट बंद होने पर भगवान बदरी विशाल के रूप में उद्धव जी की डोली पांडुकेश्वर लायी जाती है।केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के शीतकाल में यहां दर्शन भगवान केदारानाथ और यमुनोत्री मंदिर के कपाट 15 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए रवाना हो गई थी। अब शीतकाल में यहीं पर भगवान केदारनाथ के दर्शन होंगे।उधर, मां यमुना की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल जबकि, मां गंगा के दर्शन के अब मुखबा में होंगे। शीतकाल में मां यमुना के दर्शन खुशीमठ में होंगे। विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ मंदिर के कपाट भैया दूज के पवित्र मौके पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

संपादकीय

## देश को महंगी पड़ेंगी मुफ्त की स्कीमें

चुनाव लोकतंत्र के उत्सव के रूप में जाने जाते हैं. आजादी के बाद चुनाव की सतत प्रक्रिया के चलते भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में उभरा है. चुनाव समय है, राजनीतिक दलों द्वारा अपने चुनाव घोषणापत्रों के माध्यम से मतदाताओं को अपनी नीतियों और प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत कराने का. हमेशा से सभी दल मतदाताओं को वादों से लुभाने का प्रयत्न करते रहे हैं, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ दशक में चुनावी वादों का प्रकार बदला है. इनमें नीतियों और कार्यक्रमों के बजाय नकद राशि हस्तांतरण और मुफ्त की स्कीमों की घोषणा प्रमुखता से होने लगी हैं. महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों और कई बार अल्पसंख्यकों व अन्य कमजोर वर्गों को नकद हस्तांतरण, सभी को मुफ्त बिजली, पानी, यात्रा समेत कई मुफ्तखोरी की स्कीमों की घोषणा अब आम बात हो गयी है. मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने किसानों के कर्ज माफ करने के अलावा मुफ्त बिजली, गैस सिलेंडर की सब्सिडी, महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह, युवाओं को 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ते आदि की घोषणा की है. ऐसी घोषणाएं अन्य दलों द्वारा भी की गयी हैं.

> **वर्तमान में कल्याणकारी राज्य के नाम पर मुफ्त की स्कीमों के कारण भारी कर्ज में डूबे कई अमीर देशों की भी लंबी सूची है, जो अब इन स्कीमों को चलाने में सक्षम नहीं हैं. मुफ्तखोरी की यह बीमारी अब भारत के कई राज्यों में फैलती जा रही है. इस माह के चुनावों में तो दलों ने मुफ्तखोरी की योजनाओं की घोषणाओं की झड़ी लगा दी है.**

ऐसे में विचार करने का विषय है कि क्या यह स्वस्थ परंपरा है. क्या हमारी सरकारें इन मुफ्त स्कीमों के लिए धन जुटा पायेंगी? कहीं राज्य सरकारों पर कर्ज का बोझ तो नहीं बढ़ जायेगा? इन योजनाओं का सरकारी योजनाओं, सामाजिक क्षेत्रों पर खर्च और उनके स्तर पर क्या प्रभाव पड़ेगा? कई देशों में मुफ्तखोरी के कारण सरकारी कर्ज के बढ़ने और कई देशों के तो उसके कारण बर्बाद होने के भी उदाहरण हैं. वेनेजुएला और श्रीलंका के उदाहरणों से पता चलता है कि उन जैसे धनी देश भी मुफ्तखोरी की गलत आर्थिक नीतियों के चलते गरीब देशों से भी बदतर हालत में पहुंच सकते हैं, तो पाकिस्तान सरीखे विकासशील देशों की बिसात क्या है! वर्तमान में कल्याणकारी राज्य के नाम पर मुफ्त की स्कीमों के कारण भारी कर्ज में डूबे कई अमीर देशों की भी लंबी सूची है, जो अब इन स्कीमों को चलाने में सक्षम नहीं हैं. मुफ्तखोरी की यह बीमारी अब भारत के कई राज्यों में फैलती जा रही है. इस माह के चुनावों में तो दलों ने मुफ्तखोरी की योजनाओं की घोषणाओं की झड़ी लगा दी है. कुछ समय पहले भारतीय रिजर्व बैंक और भारत के महालेखाकार एवं अंकेक्षक (कैग) ने अपनी-अपनी रिपोर्टों में मुफ्तखोरी के कारण राज्यों पर बढ़ते कर्ज के बारे में आंकड़े प्रकाशित किये हैं और चिंता जतायी है कि जहां मुफ्तखोरी की स्कीमें ज्यादा चल रही हैं, वहीं कर्ज भी बढ़ता जा रहा है.गौरतलब है कि एफआरबीएम अधिनियम के अनुसार किसी भी राज्य में ऋण-जीएसडीपी (राज्य का सकल घरेलू उत्पाद) का लक्षित अनुपात 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए. लेकिन कैग का कहना है कि अधिकतर राज्यों में यह अनुपात कहीं ज्यादा है. पंजाब में यह 48.98, राजस्थान में 42.37, पश्चिम बंगाल में 37.39, बिहार में 36.73, आंध्र प्रदेश में 35.30, मध्य प्रदेश में 31.53, तेलंगाना में 27.80, तमिलनाडु में 27.27 और छत्तीसगढ़ में 26.47 प्रतिशत तक पहुंच गया है.



# खाद्य सुरक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत

**पंजाब में बड़े पैमाने पर होने वाली रासायनिक खेती, जो पराली जलाने से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है. इसके अलावा, उच्च भंडारण लागत और अनाज की बरबादी एवं अवैध रूप से बाजार में बिक्री जैसे मामले भी हैं. इससे उन व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलता है, जो सस्ते दाम पर किसानों से खरीद करते हैं और उसे सरकार को अधिक दाम पर बेच देते हैं. नब्बे के दशक से तकनीक और बेहतर निगरानी से कुछ समस्याओं का समाधान हुआ है, अभी भी व्यापक बदलाव की आवश्यकता है.**

अजीत रानाडे

हाल में एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नामक मुफ्त खाद्य योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया जायेगा. अपने वर्तमान रूप में इस योजना की अवधि पिछले कैबिनेट फैसले के अनुसार दिसंबर 2023 तक है. इसके तहत भारत की 81.4 करोड़ आबादी को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो मुफ्त राशन दिया जाता है. इस योजना का जन्म महामारी के दौरान खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे व्यथित परिवारों को आपात राहत प्रदान करने के लिए हुआ था. इसे 2013 में पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जोड़ा गया था, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को अत्यधिक अनुदान पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता था.

इसके दायरे में ग्रामीण भारत की दो तिहाई और शहरी भारत की आधी आबादी आती है. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम को खाद्य सुरक्षा कार्यकर्ताओं के एक दशक से अधिक के लंबे अभियान के बाद पारित किया गया था, जो सरकारी गोदामों में अनाज के बढ़ते भंडार (एकाधिकार खरीद के कारण) और भुखमरी के साथ-साथ चलने से चिंतित थे. कोविड के दौरान सरकार ने अधिनियम के तहत पात्रता को दोगुना कर दिया और इसे पूरी तरह मुफ्त कर दिया. इसलिए 'अत्यधिक अनुदान वाले' (यानी चावल, गेहूं और मोटा अनाज क्रमशः तीन, दो और एक रुपये प्रति किलो) अनाज के बजाय लाभार्थियों के लिए अनाज पूरी तरह से मुफ्त हो गया. इसमें सरकार पर वित्तीय बोझ में मामूली वृद्धि ही हुई. मुफ्त खाद्यान्न योजना ने बड़ी संख्या में परिवारों को उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से सुरक्षा प्रदान की है. यदि इसके बजाय एक निश्चित राशि को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में दिया जाता, तो इन परिवारों के लिए बढ़ते दाम पर अनाज खरीद पाना मुश्किल होता जाता.

गरीब कल्याण अन्न योजना को चार चरणों में बढ़ाने के बाद सरकार ने अतिरिक्त घटक (जिसमें पात्रता को दोगुना किया गया था) को बंद करने का फैसला किया, और अब केवल खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दी गयी अनाज गारंटी को मुहैया कराया जाता है. अब राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का नाम बदलकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कर दिया गया है. एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री की घोषणा के कारण इस घोषणा की छवि एक चुनावी वादा होने की बनी है, जिसे पूरा किया जाना है. लेकिन अगर कैबिनेट वैसे भी मुफ्त राशन योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने जा रही थी, तो आचार संहिता समाप्त होने की प्रतीक्षा क्यों नहीं की गयी? अन्यथा, यह सत्तारूढ़ दल को ऐसी योजना का श्रेय लेने का एक लाभ देने का प्रयास प्रतीत होता है, जिसे कैबिनेट द्वारा जल्द ही पारित किया जाना था.अनेक संबंधित मुद्दे हैं, जिन पर चर्चा करने की आवश्यकता है. सबसे पहले, इस निर्णय के तहत देश के भविष्य के राजस्व के कम से कम 11 लाख करोड़ रुपये के आवंटन की आवश्यकता होगी. क्या वित्तीय रूप से ऐसा किया जा सकता है? मुफ्त के बजाय, क्या अनाज की कीमतों को थोड़ा बढ़ाया नहीं जा सकता? यहां तक कि खाद्य सुरक्षा कानून में कीमतों में बढ़ोतरी की परिकल्पना की गयी थी. वर्ष 2015 से 2022 के दौरान खाद्य मूल्य सूचकांक औसतन 45 प्रतिशत बढ़ा है, और गेहूं की कीमतों में यह उछाल अधिक हो सकता है. सरकार को विभिन्न प्रतिबद्धताओं की पूर्ति के लिए लगभग 100 मिलियन टन की वार्षिक खरीद का प्रबंधन करना होगा. अनाज बाजार में खरीद पर इतना बड़ा एकाधिकारपूर्ण हस्तक्षेप चिंताजनक है. भंडारण और वितरण का बोझ भी होगा. गेहूं और चावल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का बोझ भी बढ़ता जायेगा. क्या खरीद को विकेंद्रीकृत कर राज्यों को सौंपा जा सकता है?क्या कुछ योजनाओं को नकदी के सीधे हस्तांतरण में बदला जा सकता है? दूसरा मुद्दा भूख और कुपोषण का हैं. भारतीय अधिकारी वैश्विक भूख सूचकांक रैंकिंग में भारत के स्थान को लेकर नाराज हैं. उनका कहना है कि भारत में कुपोषण की समस्या है, भूख की नहीं. तब केवल अनाज पर ही नीतिगत ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, दूध, अंडे या मांस के माध्यम से पोषक तत्व और प्रोटीन उपलब्ध कराने के लिए मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को मजबूत बनाना चाहिए. नीति आयोग का आकलन है कि गरीबी में 15 प्रतिशत की कमी आयी है. फिर 58 प्रतिशत भारतीयों को मुफ्त भोजन क्यों मिल रहा है? अगर उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो क्या इसके लिए सीधा लाभ हस्तांतरण करना बेहतर होगा?तीसरा मुद्दा है कि क्या हमें खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए लक्षित दृष्टिकोण को फिर से अपनाने की आवश्यकता है. खाद्य सुरक्षा कानून पूरे देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लागू किया जाता है. पहले संस्करण में इसे केवल 100 सबसे पिछड़े जिलों में लागू किया जाना था. इसे पूरे देश में बढ़ा दिया गया था. साठ के दशक से चल रही मूल पीडीएस की जगह नब्बे के दशक के मध्य में लक्षित पीडीएस की मांग की गयी थी. लेकिन इसके लिए कठिन राजनीतिक निर्णय लेने की आवश्यकता है. चूंकि पिछड़ापन उत्तरी राज्यों और हिंदी भाषी क्षेत्रों में अधिक है, इसलिए ऐसे लक्षित दृष्टिकोण से राज्यों के बीच निष्पक्षता बरतने तथा सहकारी और निष्पक्ष तरीके से संघवाद अपनाने के मुद्दे उठते हैं. पर सार्वभौमिक खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार की आवश्यकता तो है. चौथा मुद्दा है कि क्या खाद्य सुरक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव करने का समय आ गया है.एकाधिकार खरीद प्रणाली तीन उद्देश्यों को पूरा करने पर केंद्रित है- किसान को समुचित मूल्य भुगतान (समय-समय पर संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से), गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा (उनके राशन अधिकार के माध्यम से) और खाद्य मूल्य स्थिरता (समय-समय पर बाजार में बड़ी मात्रा में अनाज आपूर्ति करना ताकि कीमतें नियंत्रित रहें). साधन एक है, पर इसके उद्देश्य तीन हैं. इससे कई विकृतियां उत्पन्न होती हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है. जैसे, पंजाब में बड़े पैमाने पर होने वाली रासायनिक खेती, जो पराली जलाने से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है. इसके अलावा, उच्च भंडारण लागत और अनाज की बरबादी एवं अवैध रूप से बाजार में बिक्री जैसे मामले भी हैं. इससे उन व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलता है, जो सस्ते दाम पर किसानों से खरीद करते हैं और उसे सरकार को अधिक दाम पर बेच देते हैं. नब्बे के दशक से तकनीक और बेहतर निगरानी से कुछ समस्याओं का समाधान हुआ है, अभी भी व्यापक बदलाव की आवश्यकता है.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)



बिजनेस

## महिलाओं के लिए बिजनेस शुरूकरना हुआ आसान



**दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छोटे व्यापारी, शिक्षु, और उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वाकंक्षी पीएम मुद्रा योजना की शुरूआत आठ अप्रैल 2015 को की गयी थी. इसे लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत महिला उद्यमियों को पहली प्राथमिकता दी जाती है. सीतारमण ने यहां 'पीएम स्वनिधि से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को मंजूरी पत्र वितरित करते हुए कहा कि नगर पालिकाओं के अधिकारियों को शामिल नहीं किए गए फुटपाथ पर बिक्री करने वालों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने में मदद करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि ऐसे विक्रेताओं की मदद करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने ऋण प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना शुरू की.

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी की टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए सीतारमण ने कहा कि यदि कोई बैंक किसी लाभार्थी को 10,000 रुपये तक का ऋण देता है और यदि वह इसे समय पर वापस भुगतान करता है, तो ऋण राशि बढ़कर 20,000 रुपये हो जाती है और यदि वह वापस भुगतान करता है तो ऋण राशि 20,000 रुपये तक बढ़ जाती है. समय पर इसे बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया जाता है. यह देखते हुए कि वित्त मंत्रालय योजना की प्रगति की समीक्षा कर रहा है, सीतारमण ने कहा कि इसे रामेश्वरम में शुरू करने का कारण यह था कि तमिलनाडु में विरुधुनगर के साथ-साथ रामनाथपुरम जिले को 'आकांक्षी जिलों' के रूप में चिह्नित किया गया है ताकि वे विकासात्मक स्थिति प्राप्त कर सकें.

स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम पीएम-स्वनिधि योजना का एक अतिरिक्त घटक है. इसमें योजना के पात्र लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को उनके समग्र विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए केंद्र सरकार की आठ योजनाओं तक पहुंच मुहैया कराई जाती है. वित्त मंत्री ने जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) तिकड़ी की शुरुआत को याद करते हुए कहा कि एक लाभार्थी आधार कार्ड हासिल करने के बाद एक बैंक खाता खोल सकता है और उसके खाते में केंद्र से सीधे वित्तीय सहायता भेजी जा सकती है जिससे लाभार्थी 'बिचौलियों' से बच सके. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की उस चर्चित टिप्पणी का भी उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि केंद्र से किसी लाभार्थी को 100 रुपये भेजने पर भी उसे केवल 15 रुपये मिलते हैं और बाकी 85 रुपये 'बिचौलियों और अन्य लोगों' की जेब में जाते हैं.

## एक हफ्ते में 1200 रुपये बढ़ा सोने का भाव, 2024 में 70 हजार के पार होगा दाम

**नई दिल्ली:** भारत में शादियों का सीजन अगले सप्ताह से शुरू होने वाला है. ऐसे में बाजार में, सोने-चांदी की मांग काफी बढ़ गयी है. इस बीच ग्लोबल मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच सोने की कीमतों में एक सप्ताह में करीब 1278 रुपये प्रति दस ग्राम का इजाफा हुआ है. जबकि, चांदी की कीमतों में 4347 रुपये प्रति किलो का उछाल आया है.

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजीए (वइखअ) की वेबसाइट के मुताबिक, 13 नंवबर से शुरू हुए इस व्यापारिक सप्ताह के पहले दिन 24 कैरेट सोने की कीमत 59,892 रुपये था. जबकि, शुक्रवार यानी 17 नवंबर को प्रति दस ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 61,870 रुपये पर पहुंच गया. चांदी की कीमतों में भी बाजार में तेजी देखने को मिली है. सोमवार को 999 शुद्धता वाले चांदी की कीमत 69,400 रुपये थी. जो शुक्रवार को बढ़कर 73,747 रुपये पर पहुंच गयी. बता दें कि इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के द्वारा दी गयी



जानकारी में अलग-अलग शुद्धता के सोने के स्टैंडर्ड भाव की जानकारी मिलती है. इन कीमतों में टैक्स और मेकिंग चार्ज अलग से होता है. बाजार में आज शुक्रवार का भाव ही मान्य है.

विशेषज्ञों की माने तो आने वाले साल में सोने की कीमत एक नया रिकार्ड बना सकती है. ग्लोबल आर्थिक परिवेश को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2024 में सोने की कीमत 70 हजार के रिकार्ड स्तर को पार कर सकती है. इस साल सोने की कीमत 65 हजार के पार पहुंच गयी थी. माना जा रहा है कि अगल इजरायल-हमास युद्ध गहराता है, तो निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्प की तलाश करेंगे. ऐसे में सोने में निवेशकों की संख्या बढ़ जाएगी. वैश्विक स्थिति के कारण कीमतें फिर अचानक से बढ़ने लगेंगी. इस बीच शुक्रवार को, अमेरिकी सोने की कीमतें शुक्रवार को थोड़ी बढ़ीं, तीन में अपने पहले साप्ताहिक लाभ की राह पर, क्योंकि निवेशकों को विश्वास हो गया कि फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं, जिससे डॉलर और ट्रेजरी की पैदावार कम हो गई है. पिछले सत्र में 6 नवंबर के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद, हाजिर सोना 0.2 प्रतिशत बढ़कर 1,984.26 डॉलर प्रति औंस हो गया, जो कि 0059 जीएमटी था.

## इस सप्ताह बाजार में दिखेगा एक्शन, वैश्विक रुझानों से तय होगी दिशा

**पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में उठा-पटक का दौर देखने को मिला. इस बीच तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स करीब 800 अंक उछल गया. इसके साथ ही, निफ्टी में भी तेजी देखने को मिली. बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय बाजार पर निवेशकों की निगाहें भारतीय बाजार पर टिकी हुई है.**

**नई दिल्ली :** पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में उठा-पटक का दौर देखने को मिला. इस बीच तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स करीब 800 अंक उछल गया. इसके साथ ही, निफ्टी में भी तेजी देखने को मिली. बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय बाजार पर निवेशकों की निगाहें भारतीय बाजार पर टिकी हुई है. बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह घरेलू स्तर पर किसी बड़े घटनाक्रम की गैरमौजूदगी में शेयर बाजार काफी हद तक वैश्विक रुझानों से ही तय होंगे. विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति भी घरेलू शेयर बाजारों की चाल को प्रभावित करेगी. स्वास्तिका इंवेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि स्पष्ट वैश्विक संकेतों के अभाव में बाजार का रुख मजबूती की उम्मीद में संभवतः अमेरिकी बॉन्ड के प्रतिफल, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों के साथ-साथ संस्थागत निवेश पर निर्भर करेगा. उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होने तक बाजार की स्थिरता प्रभावित हो सकती है और उस समय तक बाजार का एक स्पष्ट रुझान सामने आ सकता है.अगस्त से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (ढक) बड़े पैमाने पर भारतीय बाजारों से पूंजी की निकासी कर रहे हैं. जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का कहना है कि अगस्त से लेकर 15 नवंबर तक एफपीआई ने कुल मिलाकर



83,422 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की है. हालांकि इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 77,995 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की. डीआईआई के साथ व्यक्तिगत निवेशकों की खरीदारी ने एफपीआई की बिक्री को पूरी तरह से बेअसर कर दिया. विजयकुमार ने कहा कि डीआईआई और व्यक्तिगत निवेशकों की लिवाली का ही असर है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 19,700 के आसपास मौजूद है जहां वह अगस्त की शुरुआत में था. मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि बाजार वैश्विक और घरेलू व्यापक-आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल, कच्चे तेल के भंडारण, एफआईआई एवं डीआईआई के निवेश रुझान और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर ध्यान केंद्रित करेगा.

पिछले सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 890.05 अंक यानी 1.37 प्रतिशत उछल गया, जबकि निफ्टी में 306.45 अंक यानी 1.57 प्रतिशत की तेजी रही. बीते सप्ताह बैंकिंग को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्र इस तेजी में शामिल रहे और मजबूत लाभ दर्ज किया. व्यापक सूचकांकों ने अपनी उछाल बरकरार रखी और मिडकैप सूचकांक ने भी दो महीने के बाद अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई हासिल कर ली. रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि वैश्विक संकेत काफी हद तक इस प्रवृत्ति को तय कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति आने वाले सप्ताह में भी जारी रहेगी.

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**

TitleCode: UPHIN51223

**मोबाइल नंबर**

9456884327

Officialsabkasapna@gmail.com

www.sabkasapna.com

**नोट-** समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# टूटा भारत का सपना, वर्ल्ड कप का नया चैंपियन ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली



मिशेल स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर लगातार नौवीं जीत के साथ अभूतपूर्व छठा एकदिवसीय विश्व कप जीता और साथ ही करोड़ों भारतीयों का दिल और मेजबान टीम का विश्व चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया.

लगातार 10 जीत के विजय रथ पर सवार होकर फाइनल में पहुंचे भारत को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में तीसरा विश्व कप जीतने की उम्मीद थी. टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन ने एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का दूसरी बार हिस्सा बनने का सपना देखा था जबकि कप्तान रोहित शर्मा पहली बार एकदिवसीय विश्व चैंपियन बनने का सपना संजोए थे लेकिन पैट कमिंस की टीम ने इन सपनों को साकार नहीं होने दिया.ऑस्ट्रेलिया ने दिखा दिया कि क्यों वह विश्व क्रिकेट की शीर्ष टीम है. टीम ने भारत के खिलाफ पहले मैच सहित लगातार दो हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन फिर लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया. भारत के 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने हेड की 120 गेंद में चार छक्कों और 15 चौकों से 137 रन की पारी के अलावा मार्नस लाबुशेन (110 गेंद में नाबाद 58 रन, चार चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 192 रन की साझेदारी से 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर जीत दर्ज की.भारत इस तरह जोहानिसबर्ग में 2003 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार का बदला चुकता करने में विफल रहा. टीम को इसी साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया ने हराया था जबकि 2015 विश्व कप सेमीफाइनल में भी इसी टीम ने उसे शिकस्त दी थी.भारत इससे पहले लोकेश राहुल (107 गेंद में 66 रन, एक चौका) और विराट कोहली (63 गेंद में 54 रन, चार चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद 50 ओवर में 240 रन पर सिमट गया था। कप्तान रोहित शर्मा (47) ने पारी का आगाज करते हुए एक बार तेज पारी खेली.ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 55 रन तीन विकेट विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस (34 रन पर दो विकेट) और जोश हेजलवुड (60 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए.

## हार के बाद कप्तान रोहित और मोहम्मद सिराज की आंखों में आंसू

नई दिल्ली



रविवार को टीम इंडिया का सपना चकनाचूर हो गया. भारत वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हार गया. यह हार 100 करोड़ से अधिक भारतीयों के दिनों को कई दिनों तक कचोटली रहेंगी. केवल प्रशंसक ही नहीं टीम इंडिया के खिलाड़ियों के लिए भी यह बहुत भारी क्षण है. ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद शामी मैदान पर ही रोने लगे. उनके आंसू थम नहीं रहे थे. यह वह भावनात्मक क्षण था, जिसने हर भारतीय को दुखी कर दिया. भारत ने वर्ल्ड कप के पूरे सफर में जिस प्रकार का खेल दिखाया था, फाइनल के परिणाम पर किसी को भरोसा नहीं हो रहा था. 12 साल बाद फिर से वर्ल्ड कप जीतने का सपना, सपना ही रह गया. अब पता नहीं कब ऐसी टीम होगी और कब ऐसे खिलाड़ी होंगे जो भारत को तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनाएंगे. ऑस्ट्रेलिया छठी बार वर्ल्ड चैंपियन बना है. जिस टीम को लीग चरण में कई हार का सामना करना पड़ा, उसने फाइनल में टेबल टॉपर भारत को ही पटखनी दे दी. इसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी.

## ऑस्ट्रेलिया का घमंड सातवें आसमान पर, फैंस ने कहा जल्द टूटेगा अहंकार

नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को क्रिकेट वर्ल्डकप के फाइनल में 6 विकट से हरा दिया. इस हार के बाद भारतीय क्रिकेट प्रेमी निराश हैं. इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के गुरुर सिर चढ़ कर बोल रहा है. दरअसल, पैट कमिंस ने जीत के बाद अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला. जिसमें उन्होंने ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर डाली है जो भारतीय फैंस को पसंद नहीं आ रही है.

दरअसल, पैट कमिंस ने इंस्टाग्राम में एक फोटो डाली है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श सोफे पर बैठे हुए हैं. उनके एक हाथ में शराब की बोतल दिख रही है और उनके अपने दोनों पैर ट्रॉफी के ऊपर हैं. यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है.

इधर, जैसे ही तस्वीर वायरल हुई फैंस ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को जमकर लताड़ लगानी शुरू कर दी. लोग इसे खेल भावना के प्रति अपमान बता रहें हैं. कई लोगों ने बीसीसीआई से इस मामले पर कार्रवाई करने की मांग की है. एक यूजर ने तो कहा कि विश्वकप के प्रति कुछ सम्मान तो दिखाना चाहिए, तो वहीं कुछ उनके घमंड चकनाचूर होने की बात कह रहे हैं. आपको बता दें भारत ने आखिरी बार 2011 में वर्ल्डकप जीता था.

## मोहम्मद शमी ने गोल्डन बॉल पर किया कब्जा

नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत को 6 विकेट से हराकर छठी बार ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया. ऑस्ट्रेलिया ने पहले भारत को 240 रन पर ऑल आउट किया, फिर 4 विकेट खोकर 43 ओवर में 241 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया. इसके साथ ही भारत को तीसरी बार वर्ल्ड कप जीतने का सपना भी टूट गया. इस वर्ल्ड कप में भारत भले ही ट्रॉफी नहीं जीत पाया, लेकिन राहत की बात है कि गोल्डन बैट और बॉल भारत के खाते में ही आया.

मोहम्मद शमी ने गोल्डन बॉल का खिताब जीत लिया है. उन्होंने केवल 6 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 24 विकेट चटकाए. शमी ने वर्ल्ड कप 2023 में तीन बार 5-5 विकेट लिए, तो एक बार चार विकेट भी चटकाए. सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा दूसरे स्थान पर रहे. जंपा ने 10 मैचों में कुल 22 विकेट चटकाए. भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह 10 मैच खेलकर 18 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर रहे.मौजूदा वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी को पहले चार मैच में प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था. लेकिन हार्दिक पांड्या के चोटिल होकर वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद शमी को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया. न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले ही मैच में शमी ने पंजा खोला और अपना इरादा साफ कर दिया.

उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और तीन बार पांच-पांच विकेट चटकाकर इतिहास रच डाला.

मोहम्मद शमी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं. शमी अबतक 18 मैचों की 18 पारियों में 55 विकेट ले चुके हैं.

## मो शमी की मां अस्पताल में भर्ती, बेटा अहमदाबाद में कंगारुओं के छुड़ा रहा पसीने




**नई दिल्ली :** अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे फाइनल मैच में गेंदबाज मोहम्मद शमी कंगारुओं के पसीने छुड़ाए हुए हैं. उधर, उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले सहसपुर गांव में उनके पैतृक गांव उनकी मां अंजुम आरा की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है. मीडिया की रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि बुखार आने के बाद उन्होंने चक्कर आने की शिकायत की. इसके बाद उन्हें स्थानीय डाक्टरों के पास इलाज के लिए ले जाया गया. लेकिन, जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुई, तो उन्हें मुरादाबाद स्थित सुपरटेक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में दाखिल कराया गया. उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने एडमिट कर लिया है.

मोहम्मद शमी के चचेरे भाई डॉ मुमताज ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बुखार और घबराहट के चलते मोहम्मद शमी की मां अंजुम आरा को अस्पताल में भर्ती कराया गया. उन्होंने कहा कि इस समय उनकी तबीयत में काफी सुधार है. अस्पताल प्रबंधन के हवाले से बताया जा रहा है कि तबीयत में सुधार होने के बाद जल्द ही उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया जा सकता है.

क्रिकेटर मोहम्मद शमी की मां अंजुम आरा ने भी विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत की कामना की थी. पिछले पांच दिन से वह अपने गांव सहसपुर अलीनगर के पुश्तैनी मकान में ही रह रही हैं. बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है. शनिवार को उन्होंने भारतीय टीम की जीत को लेकर दुआ भी की.

### संक्षेप खबरें

## पूर्व विश्व कप विजेता कपिल देव को नही किया गया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने रविवार को दावा किया था कि उन्हें मेजबान टीम और आस्ट्रेलिया के बीच यहां विश्व कप फाइनल के लिए आमंत्रित ही नहीं किया गया.

भारत को 1983 में पहला वनडे विश्व कप खिताब दिलाने वाले कपिल ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मैच के लिए जाना चाहते थे. कपिल देव ने 'एबीपी न्यूज' से कहा, ''मुझे वहां आमंत्रित ही नहीं किया गया. उन्होंने मुझे बुलाया नहीं इसलिये मैं नहीं गया. यह इतना ही सरल है. मैं चाहता था कि 1983 की पूरी टीम वहां मेरे साथ हो लेकिन मुझे लगता है कि यह इतना बड़ा टूर्नामेंट है और लोग जिम्मेदारियां संभालने में इतने व्यस्त हैं कि कभी कभार वे भूल जाते हैं.

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के पूर्व कप्तानों में सौरव गांगुली मौजूद थे, जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष के तौर पर आमंत्रित किया गया था. वैसे बीसीसीआई का नियम है कि वह पूर्व अध्यक्ष और अधिकारियों को आमंत्रित करता है.

मैच देखने के लिए बालीवुड की बड़ी हस्तियां जैसे शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मौजूद थे.

## शुभमन गिल ने इस मामले की सचिन तेंदुलकर की बराबरी



**नई दिल्ली।** आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में 20 साल बाद फिर से भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने हैं. भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 241 रन का छोटा लक्ष्य रखा है. लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची भारतीय टीम की बल्लेबाजी रविवार को अच्छी नहीं रही और रोहित, कोहली और केएल राहुल को छोड़ दिया जाए, तो कोई भी बैटर नहीं चल

रोहित शर्मा के साथ शानदार शुरुआत दिलाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में कुछ खास नहीं कर पाए और जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए, हालांकि इस दौरान 2003 और मौजूदा वर्ल्ड कप में एक ऐसा संयोग हुआ, जिसे जानने के बाद आप भी हैरान रह जाएंगे.

2003 वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर ने शानदार बल्लेबाजी की थी. उनकी बेहतरीन खेल के दम पर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची थी. लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिताबी भिड़ंत में सचिन तेंदुलकर केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे. अब 20 साल बाद इतिहास ने फिर से अपने को दोहराया है.

## टीम इंडिया का इन सेलेब्स ने बढ़ाया हौसला, अजय देवगन बोले...

**नई दिल्ली।** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा दिया. ऑस्ट्रेलिया विश्व चैंपियन बन गई. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ये खिताबी मुकाबला देखने के लिए कई सेलेब्स आए थे. भले ही टीम इंडिया ये विश्व कप अपने नाम नहीं कर पाई हो, लेकिन फैंस और सेलेब्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के अथक प्रयास की सराहना की. अजय देवगन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियनशिप के दौरान भारतीय टीम के अथक प्रयास अपने आप में एक जीत हैं.'' वहीं, करीना कपूर खान ने लिखा, ''केवल प्यार और सम्मान... टीम इंडिया, मुश्किल लड़ाई, लेकिन अच्छा खेला.' ऑस्ट्रेलिया के मैच जीतने के बाद शाहरुख खान ने भारतीय टीम की तारीफ की. उन्होंने एक्स पर लिखा, "जिस तरह से भारतीय टीम ने यह पूरा टूर्नामेंट खेला वह सम्मान की बात है और उन्होंने शानदार जज्बा और दृढ़ता दिखाई.

# विश्व कप टूर्नामेंट के 12 फाइनल मुकाबले में लग चुके हैं 6 शतक

नई दिल्ली



नई दिल्ली : अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप 2023 का फाइनल मैच खेला जा रहा है. इस मैच में भारतीय पारी समाप्त हो गई है. नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच काफी धीमी है, जिसकी वजह से बैटरों के बल्ले से रन नहीं निकल पा रहा है. बॉल में उछाल की कमी है. पिच काफी गीली बताई जा रही है. ऐसी स्थिति में बड़ा स्कोर खड़ा नहीं हो पा रहा है.

इस मैच में भारत के तीन बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 47 रन, विराट कोहली ने 53 और केएल राहुल ने 66 रन बनाकर आउट हो गए. भारतीय टीम के किसी बैटर के बल्ले से शतक नहीं निकला है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि 1975 से लेकर 2007 तक के विश्व कप के 12 टूर्नामेंट में कुल 6 खिलाड़ियों ने ही 100 रन से अधिक मनोवैज्ञानिक स्कोर खड़ा करने में कामयाबी हासिल की है. विश्व कप 2023 में इस टूर्नामेंट 13वां फाइनल मैच भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है. ऐसे में सवाल यह भी पैदा होता है कि क्या इस टूर्नामेंट में कोई बैटर 7वां सेंचुरी बना पाएगा? इससे पहले, आइए जान लेते हैं कि अब तक के 12 विश्व कप टूर्नामेंट के फाइनल मैचों में किन-किन खिलाड़ियों ने शतक बनाने में कामयाबी हासिल की है.क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट की शुरुआत वर्ष 1975 में हुई थी. इसका फाइनल मैच 21 जून, 1975 को ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच लॉयड के मैदान पर खेला गया था. वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 ओवर में 8 विकेट पर 291 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसमें कप्तान क्लाइव लॉयड ने 85 गेंदों पर 102 रनों की शानदार पारी खेली थी. इसमें उन्होंने 12 चौके और 6 छक्के जड़े थे. इस मैच में एक समय 50 के स्कोर पर वेस्टइंडीज के तीन विकेट गिर गए थे. क्लाइव लॉयड ने मोर्चा संभालकर रोहन कन्हाई के साथ चौथे विकेट के लिए 149 रनों की साझेदारी पारी खेली थी. क्लाइव लॉयड को मैन ऑफ द मैच चुना गया था.

1979 में दूसरे विश्व कप में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया था. यह मैच 23 जून 1979 को खेला गया था. इस मैच में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स ने 138 रनों की नाबाद जोरदार पारी खेली थी. इसमें उन्होंने 157 गेंदों पर 11 चौके और तीन छक्के जड़े थे. वेस्टइंडीज ने नौ विकेट खोकर 286 रनों का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 194 रनों पर ऑल आउट हो गई थी. विवियन रिचर्ड्स को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया था.क्लाउड लॉयड और विवियन रिचर्ड्स के बाद विश्व कप के फाइनल मैच में शतक जड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी श्रीलंका के अरविंद डी सिल्वा है. उन्होंने 1996 के विश्व कप के फाइनल मुकाबले में करीब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 107 रनों की नाबाद पारी खेली थी. यह फाइनल मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया था. इस मैच में अरविंद डी सिल्वा ने 124 गेंदों पर 107 रनों की जिताऊपारी खेली थी. इसमें उन्होंने 13 चौके मारे थे. इस मैच में श्रीलंका ने 245 रन बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से शिकस्त दी थी.

विश्व कप 2003 का फाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में खेला गया था. इस मैच में सौरव गांगुली टीम इंडिया के कप्तान थे. यह मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 23 मार्च 2003 को खेला गया था. इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के चार बैटरों ने 359 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया था, जिसमें रिकी पॉन्टिंग ने चार चौके और आठ छक्कों की मदद से 121 रनों की पारी खेली थी. इस मैच में टीम इंडिया के खिलाड़ी 234 के स्कोर ऑल आउट हो गए थे. ऑस्ट्रेलिया 125 रनों से मैच जीत गया था.

विश्व कप टूर्नामेंट का नौवां फाइनल मैच 28 अप्रैल 2007 को वेस्टइंडीज के ब्रिजटाउन में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच खेला गया था. ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और एडम गिलक्रिस्ट ने 104 गेंद पर 149 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली. ये विश्व कप फाइनल में खेली गई अब तक की सबसे बड़ी पारी है, जिसमें गिलक्रिस्ट ने 13 चौके और 8 छक्के लगाए थे. ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 38 ओवर में 4 विकेट खोकर 281 रन बनाए. जवाब में श्रीलंका की टीम सिर्फ 215 रन ही बना सकी और ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुइस मैथड के मुताबिक 53 रन से लगातार तीसरा विश्व कप फाइनल अपने नाम किया. गिलक्रिस्ट को शानदार सेंचुरी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था.

विश्व कप टूर्नामेंट का 10वां फाइनल मैच भारत और श्रीलंका के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 2 अप्रैल 2011 को खेला गया था. इस मैच में खिताब जीतकर भारत दूसरी बार विश्व कप का विजेता बना था. इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी किया था. कप्तान महेला जयवर्धने के 88 गेंद पर 103 रन की शानदार पारी खेली थी. श्रीलंकाई टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 274 रन बनाए थे. जवाब में टीम इंडिया ने 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया था. महेला जयवर्धने का शतक बेकार गया.


समस्त क्षेत्रवासियों व देश वासियों को
गंगास्नान
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
चमन सिंह (समाज सेवी)
फत्तेहपुर अधेक (अमरोहा)


समस्त क्षेत्रवासियों को
पलक डिजिटल फोटो स्टूडियो
की तरफ से
गंगा स्नान
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सुविधायें
☑ फोटोग्राफी
☑ विडियोग्राफी
☑ ड्रोन कैमरा
☑ अम्ब्रेला सेटअप
☑ शादी कार्ड
पता:- सी.ओ. मार्केट, भीमा रोड़, ढवारसी, अमरोहा
चमन राणा
8630361944


जय गंगे माँ जय गंगे माँ जय गंगे माँ जय गंगे माँ
समस्त क्षेत्रवासियों व देश वासियों को
देवउत्थान व गंगास्नान
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेतराम सिंह ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दरियापुर तुगन


जय गंगे माँ
जय गंगे माँ
मा. ऋषिपाल अंबावता
राष्ट्रीय अध्यक्ष
विकास जतन प्रधान
प्रदेश अध्यक्ष
समस्त किसान भाईयों व देश वासियों को
देवउत्थान व
गंगास्नान
की हार्दिक
शुभकामनाएं
किरनपाल गुर्जर
उर्फ बन्टी प्रधान
निवेदक:- किरनपाल गुर्जर उर्फ बन्टी प्रधान, प्रदेश-उपाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन अंबावता


जय गंगे माँ जय गंगे माँ जय गंगे माँ जय गंगे माँ
समस्त क्षेत्रवासियों व देश वासियों को
देवउत्थान व गंगास्नान
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेतराम सिंह ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दरियापुर तुगन